नये जमाने के साथ..
# यश भारत
● वर्ष- 17 अंक 71- ● जबलपुर ● गुरुवार, 13 अप्रैल, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● चैत्र मास कृष्ण पक्ष 8 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935

## जहांगीराबाद में दो पक्षों के बीच हिंसक टकराव, पुलिस बल तैनात

**भोपाल, यशभारत।** शहर के जहांगीराबाद इलाके में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक समुदाय के कुछ लड़कों ने दूसरे समुदाय के एक युवक के साथ जमकर मारपीट कर दी। घटना बुधवार रात की है। इन लड़कों का युवक पर आरोप था कि वह उनके समुदाय की लड़की से बात क्यों कर रहा था। युवक से मारपीट की घटना के बाद दोनों पक्ष के लोग आमने-सामने आ गए। पथराव हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस भारी बल के साथ मौके पर पहुंची। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठियां भांजी। देर रात तक यहां सन्नाटा पसरा रहा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जंग चाहता है तानाशाह? उत्तर कोरिया ने दागी खतरनाक मिसाइल तो जापान में मच गई खलबली, हाई अलर्ट जारी

**सियोल, एजेंसी।** अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ बढ़ते तनाव के बीच एक बार फिर उत्तर कोरिया ने गुरुवार सुबह जापान के पूर्वी सागर की ओर बैलिस्टिक मिसाइल दागी है. दक्षिण कोरिया के संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ ने गुरुवार को इस बात की जानकारी दी. हालांकि उन्होंने इसके बारे में और विस्तार से नहीं बताया क्योंकि फिलहाल जांच चल रही है. दूसरी ओर जापान सरकार ने इसे लेकर चेतावनी जारी कर दी है।

### सुप्रीमकोर्ट का अहम फैसला, वेतनवृद्धि सेवा का प्रतिफल है

## एक दिन पहले सेवानिवृत्ति होने पर इंक्रीमेंट नहीं रोक सकते

■ जबलपुर, यशभारत।

गत 11अप्रैल2023को सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला दिया है जिससे लाखों सेवानिवृत्तों की आंखों में आशा भरी खुशियों की चमक ला दी है। जिसमें कहा गया है कि वेतनवृद्धि कोई पुरस्कार नहीं अपितु दी गई सेवा का दक्षता का प्रतिफल है, जो निर्धारित मानक समय के बाद देना होगा।जिससे कर्मचारी को सेवा या सेवा निवृति के परितोष के बाद उसका लाभ उसे मिल सके। अपने28पेज के अहम फैसले में उच्चतम न्यायालय ने कहा कि सरकारी कर्मचारी सेवानिवृत्ति से एक दिन पहले भी वार्षिक वेतन वृद्धि पाने के हकदार हैं। शीर्ष अदालत ने यह फैसला राज्य सरकार के स्वामित्व वाली कर्नाटक पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लि. की



अपील पर सुनाया। जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस सीटी रविकुमार की पीठ ने 11अप्रैल को कर्नाटक पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड की वेतनवृद्धि न देने की अपील खारिज कर दी है। पीठ ने कहा कि कॉरपोरेशन की इस दलील में कोई दम नहीं है कि वार्षिक वेतन वृद्धि एक प्रोत्साहन है जो कर्मचारियों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करती है , और जब कर्मचारी सेवा में नहीं रहता है तो उसे वार्षिक वेतन वृद्धि देने का कोई सवाल ही नहीं उठता। कॉरपोरेशन ने कर्नाटक हाईकोर्ट की एकल पीठ के उस फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में अपील की थी जिसमें कहा गया था कि पीड़ित को एक वेतनवृद्धि दी जाए। उच्चतम न्यायालय की पीठ ने कहा कि कर्मचारी को एक वर्ष की सेवा के दौरान उसके अच्छे आचरण के आधार पर वार्षिक वृद्धि प्रदान की जाती है। ऐसे में जबकि इसको यदि दंड के रूप में रोका न गया हो या उसे दक्षता के साथ जोड़ा न गया, तो अच्छे आचरण वाले कर्मियों को वार्षिक रूप से वेतन वृद्धि दी जाएगी।



## मध्य प्रदेश हाईकोर्ट को मिलेंगे सात नए जज

### सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने की नियुक्ति की सिफारिश

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए सात जिला जजों के नाम की सिफारिश की है। इन जजों में रूपेश चंद्र वार्ष्णेय, अनुराधा शुक्ला, संजीव सुधाकर कलगांवकर, प्रेम नारायण सिंह, अचल कुमार पालीवाल, हृदयेश और अरविंद कुमार सिंह शामिल हैं।कॉलेजियम के प्रस्ताव में कहा गया है कि 23 नवंबर, 2022 को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने अपने दो वरिष्ठतम सहयोगियों के परामर्श से इन सात न्यायिक अधिकारियों को उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की सिफारिश की थी। राज्य के मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने सिफारिशों का समर्थन किया है और फाइल सात अप्रैल को न्याय विभाग से सुप्रीम कोर्ट में प्राप्त हुई। ज्ञापन प्रक्रिया के संदर्भ में, हाईकोर्ट में पदोन्नति के लिए उम्मीदवारों की फिटनेस और योग्यता का पता लगाने के लिए, मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के मामलों से परिचित सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश से परामर्श किया गया है। कॉलेजियम के मुताबिक, हाईकोर्ट में पदोन्नति के लिए उम्मीदवारों की योग्यता और योग्यता का आकलन करने के उद्देश्य से रिकॉर्ड फाइल की जांच की है, जिसमें न्याय विभाग द्वारा की गई टिप्पणियों के साथ-साथ उम्मीदवारों के खिलाफ प्राप्त शिकायतें भी शामिल थीं।

### उत्तराखंड हाईकोर्ट में चार जज की नियुक्ति की सिफारिश

एक अन्य फैसले में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने उत्तराखंड हाईकोर्ट में जज के रूप में नियुक्ति के लिए एक न्यायिक अधिकारी और तीन अधिवक्ताओं के नाम की भी सिफारिश की है। इनमें न्यायिक अधिकारी विवेक भारती शर्मा, अधिवक्ता राकेश थपलियाल, पंकज पुरोहित और सुभाष उपाध्याय शामिल हैं। इसके अलावा कॉलेजियम ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में जज नियुक्त करने के लिए न्यायिक अधिकारी संजय कुमार जायसवाल के नाम की भी सिफारिश की है। जायसवाल ओबीसी श्रेणी से आते हैं।

## मैहर में बागेश्वर सरकार की कथा स्थगित

### विधायक नारायण त्रिपाठी बोले, राजनीतिक दवाब में ऐसा हुआ, नई पार्टी बनने से घबरा गए नेता





■ जबलपुर, यशभारत।

मैहर में 3 से 7 मई तक आयोजित होने वाली बागेश्वरधाम के पं. धीरेंद्र शास्त्री की कथा स्थगित कर दी गई है। कथा को लेकर क्षेत्र में तमाम तरह की चर्चाएं है। इधर विधायक नारायण त्रिपाठी ने कथा नहीं होने के पीछे राजनीतिक कारण बताया है। विधायक ने यशभारत से चर्चा करते हुए बताया कि सबकुछ ओके था लेकिन अचानक से महाराज श्री ने कथा करने से इंकार कर दिया। आयोजन को लेकर सारी तैयारियां पूरी हो चुकी थी। कथा नहीं होने के पीछे का कारण विधायक राजनीतिक बताया है। उनका कहना है कि प्रदेश के बड़े नेता नहीं चाहते हैं कि कोई बड़ा आयोजन विंध्य की धरती पर हो, और नई पार्टी बनने से भी नेता परेशान हो गए हैं। बता दें कि विधायक नारायण ने रविवार को ही विंध्य प्रीमियर लीग सीजन 2 के समापन समारोह में विंध्य जनता पार्टी का ऐलान किया था। कथा को राजनीति से जोड़ा गया विधायक नारायण त्रिपाठी ने आगे बताया कि बागेश्वर सरकार की कथा को राजनीति से जोड़ा गया और कुछ लोगों ने महाराज को भी गलत जानकारी देकर कथा स्थगित करा दिया। कथा कराने का मुख्य उद्देश्य यही था कि विंध्य की धरती में अध्यात्म को बढ़ावा मिले, सुख-शांति के साथ लोगों के मन में धार्मिक भवनाएं जाग्रत हो ।

## मोदी उपनाम केस: राहुल गांधी की याचिका पर सूरत कोर्ट में सुनवाई आज, 2 साल की सजा को दी है चुनौती

■ सूरत, ईएमएस।

'मोदी उपनाम' मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की याचिका पर सूरत की सत्र अदालत में बृहस्पतिवार को सुनवाई होगी. सूरत मेट्रोपोलिटन अदालत ने राहुल गांधी की 'सभी चोरों का उपनाम मोदी क्यों है?' टिप्पणी को लेकर उन्हें मानहानि का दोषी ठहराने के बाद 23 मार्च को दो साल की जेल की सजा सुनाई थी. राहुल को 24 मार्च को लोकसभा सदस्यता से अयोग्य करार दिया गया था. उन्होंने तीन अप्रैल को सत्र अदालत में अपनी दोषसिद्धि के खिलाफ अपील दायर की थी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश आर पी मोगेरा की अदालत ने तीन अप्रैल को राहुल गांधी को जमानत दे दी थी और दोषसिद्धि पर रोक लगाने का अनुरोध करने वाली उनकी याचिका पर सुनवाई 13 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दी थी. अदालत ने पूर्णेश मोदी के साथ ही गुजरात सरकार को भी नोटिस जारी किया था। इसी मामले में बुधवार को हुई सुनवाई में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक पूर्णेश मोदी ने आपराधिक मानहानि मामले में दोषसिद्धि पर रोक लगाने के लिए राहुल गांधी की याचिका का अदालत में विरोध किया और कहा कि कांग्रेस नेता 'बार-बार अपराध' करते हैं और उन्हें अपमानजनक बयान देने की आदत है। मामले में शिकायतकर्ता पूर्णेश मोदी ने कहा कि मजिस्ट्रेट के आदेश के खिलाफ अपील दायर करने के लिए राहुल गांधी जिस तरीके से पेश हुए, वह उनके 'अहंकार और अदालत पर दबाव बनाने के लिए एक अपरिपक्व कार्य' के रूप में दर्शाता है. पूर्णेश मोदी अदालत के बाहर कांग्रेस के शक्ति प्रदर्शन का जिक्र कर रहे थे।

### पंजाब में बड़ा हादसा

## वैसाखी मनाने श्री खुरालगढ़ साहिब जा रहे श्रद्धालुओं को ट्रक ने कुचला, सात की मौत



■ नई दिल्ली, ईएमएस।

पंजाब में बुधवार देर रात करीब डेढ़ बजे एक बड़ा हादसा हो गया। गुरु रविदास के पवित्र स्थान श्री खुरालगढ़ साहिब में वैशाखी मनाने पैदल जा रहे श्रद्धालुओं को ट्रक ने कुचल दिया। हादसे में सात की मौत हो गई। हादसा खुरालगढ़ मार्ग पर हुआ।इससे पहले सुबह करीब साढ़े पांच बजे गढ़ीमानसोवाल की पहाड़ी में अचानक ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी थी। हादसे में जसवीर सिंह उर्फ जस्सी (27), हैरी (15) और सादा बाबा (65) की मौके पर मौत हो गई। जहां बुधवार सुबह हादसा हुआ, उससे कुछ ही दूरी पर देर रात हादसे में सात की मौत हो गई।

### यह रही हादसे की वजह

बताया जा रहा है कि श्रद्धालुओं ने ट्रॉली के पीछे पानी का टैंकर और उसके पीछे जनरेटर बांध रखा था। जैसे ही ट्रैक्टर ट्रॉली पहाड़ी से नीचे उतरने लगी तो पीछे से पानी के टैंकर व जनरेटर का दबाव ट्रैक्टर पर पड़ा। इसी वजह से ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर 100 फुट गहरी खाई में जा गिरा। बताया जा रहा है कि यह रास्ता काफी खतरनाक है। कई बार इस रास्ते में हादसे हो चुके हैं।

### महंगाई के मोर्चे पर पर राहत भरी खबर

## अब लोन महंगा होने का टेंशन भी होगा कम

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

खाने-पीने की चीजें की कीमतें कम होने से मार्च महीने में रिटेल महंगाई दर घटकर 15 माह के निचले स्तर 5.66त्न पर आ गई। फरवरी में महंगाई दर 6.44प्रश रही थी, वहीं जनवरी महीने में यह 6.52प्रश रही थी। पिछले साल मार्च में रिटेल महंगाई दर 6.95% थी। खास बात यह है कि मार्च में रिटेल महंगाई दर RBI के संतोषजनक स्तर की ऊपरी सीमा छह फीसदी के भीतर है। रिजर्व बैंक पर रिटेल महंगाई दर को दो से छह फीसदी के बीच रखने की जिम्मेदारी बनी हुई है। इससे पहले रिटेल महंगाई दर छह फीसदी के नीचे नवंबर-2022 में 5.88 फीसदी और दिसंबर -2022 में 5.72 फीसदी पर आई थी। दरअसल आरबीआई के लक्ष्य रिटेल महंगाई दर को 6 फीसदी के दायरे में रखना है। अगर रिटेल महंगाई दर में नरमी जारी रहती है तो आरबीआई एक बार फिर से रेपो रेट में बदलाव नहीं कर आपको रहात दे सकता है। यानी जो डर सता रहा है कि आने वाले दिनों में फिर से लोन महंगा हो सकता है, उसमें थोड़ी राहत मिलेगी। एक्सपर्ट का कहना है कि रिटेल महंगाई दर में नरमी कई मायनों में राहत वाली बात है। जियोजित फाइनैंशल सर्विसेज के प्रमुख विनोद नायर का कहना है कि रिटेल महंगाई दर RBI के लक्ष्य के भीतर आ गई है। उसने इस बार रीपो रेट में बढ़ोतरी नहीं की है। अगर रिटेल महंगाई दर में नरमी जारी रही तो निश्चित रूप से उस पर आगे भी लोन महंगा करने का दबाव कम होगा।

### खाद्य चीजें हुई सस्ती

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार खाने-पीने की चीजें सस्ती हुई है। खाद्य चीजों की रिटेल महंगाई दर मार्च-23 में घटकर 4.79त्न पर आ गई है। फरवरी में यह 5.95त्न थी। बिजली और ईंधन की महंगाई भी घटी है। बिजली और ईंधन की महंगाई 9.90त्न से घटकर 8.91% पर आ गई है।

## आ रही कोविड की चौथी लहर !


### एक दिन में आए कोरोना के 10 हजार से ज्यादा मामले

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

देशभर में तेजी से कोरोना मामलों में उछाल देखा जा रहा है। बुधवार को देश में कोरोना के 7830 नए मामले सामने आए। इसके बाद एक्टिव केस बढ़कर 40 हजार के पार चले गए। तेजी से बढ़ते कोरोना मामलों ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। हालांकि एक्सपर्ट्स का कहना है कि कोरोना का नया वेरिएंट ज्यादा खतरनाक नहीं है। 98 फीसदी से ज्यादा कोविड मरीज घर पर ही ठीक हो रहे हैं। भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 10 हजार से ज्यादा मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के द्वारा आंकड़ों के मुताबिक आज देशभर में कुल 10 हजार 158 केस दर्ज किए गए हैं। वहीं एक्टिव मामलों की संख्या भी बढ़कर 44 हजार 998 हो गई है।

### एम्स दिल्ली में मास्क पहनना अनिवार्य

कोरोना मामलों में उछाल को देखते हुए दिल्ली के एम्स में अस्पताल के सभी कर्मचारियों के लिए मास्क का उपयोग अनिवार्य कर दिया है। एम्स प्रशासन ने कर्मचारियों के लिए नोटिस जारी करते हुए कहा,ज्हॉस्पिटल में कपड़े या फिर सर्जिकल मास्क से फेस कवर जरूर करें। इसके अलावा पूरे अस्पताल की साफ-सफाई और ध्यान रखा जाए।



### राजस्थान में कोरोना के 355 नए मामले

राजस्थान में कोरोना वायरस संक्रमण से पीड़ित एक और मरीज की बुधवार को मौत हो गई। वहीं 355 नये मामले सामने आये हैं। राज्य के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों में जयपुर में कोरोना वायरस से संक्रमित एक मरीज की मौत हुई है वहीं संक्रमण के 355 नये मामले सामने आये जिनमें से जयपुर में 82, राजसमंद में 36, अजमेर-जोधपुर में 28-28, अलवर में 27, झालावाड़ में 24, बीकानेर में 21, उदयपुर में 20 संक्रमित मरीज शामिल हैं। राज्य में इस साल जनवरी से आज तक इस घातक बीमारी से मरने वालों की संख्या 15 हो गई है। राज्य में वर्तमान में 1,245 मरीज उपचाराधीन है। वहीं 72 मरीज संक्रमण मुक्त हो गये हैं।

### दिल्ली में कोरोना वायरस संक्रमण के 1,149 नये मामले, एक मरीज की मौत

दिल्ली में बुधवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 1,149 नये मामले सामने आए और संक्रमण दर 23.8 फीसदी रही। स्वास्थ्य विभाग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली। विभाग के बुलेटिन के मुताबिक, इसी अवधि में राष्ट्रीय राजधानी में कोविड-19 के एक मरीज की मौत हो गई। हालांकि, इसमें कहा गया कि मरीज की मौत का प्राथमिक कारण कोविड-19 नहीं था।

### यूपी में बिना मास्क के स्कूल और दफ्तर में नो एंट्री, 2 फीट की दूरी भी जरूरी...

उत्तर प्रदेश में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामले को देखते हुए बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टीम-9 संग समीक्षा बैठक की. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलों में कोविड डेस्क को एक्टिव करने के साथ ही स्कूलों और दफ्तरों में मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया है. नई कोविड गाइडलाइन्स के तहत अब घरों से निकलने पर मास्क पहनना अनिवार्य होगा. साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग का पालन भी करना जरूरी है.। अस्पताल, सरकारी, निजी दफ्तर, स्कूल-कॉलेज, सिनेमा हॉल, रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन आदि के लिए अलग-अलग गाइडलाइंस जारी की गई हैं।

यदि आप को यशभारत न्यूज पेपर नहीं प्राप्त हो रहा है तो संपर्क करें
मो. 9407348995, 7999718732

## मैनेजर की हत्या: खंभे से बांधे हाथ-पैर, सांसें उखड़ने तक पीटा; शव पर चोट के निशानों ने दी बर्बरता की गवाही

■ शाहजहांपुर, एजेंसी।

शाहजहांपुर में ट्रांसपोर्ट कंपनी के मैनेजर शिवम को खंभे से बांधकर डंडे बरसाने का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें शिवम के हाथ पैर एक खंभे से बांध रखे हैं और एक युवक उस पर डंडे बरसा रहा है। वीडियो जिस गोदाम का है वहां हौजरी का सामान रखा हुआ है। वहां करीब दर्जन भर लोग भी शिवम को घेरे खड़े हैं।वीडियो में पिटाई से शिवम बेसुध होता दिख रहा है। आशंका जताई जा रही है कि आरोपियों ने शिवम को तब तक पीटा जब तक वह अधमरा नहीं हो गया। जब उसकी सांसें उखड़ने लगी तो अस्पताल लेकर पहुंचे और लावारिस में भर्ती मंगलवार देर रात परिजन को सूचना मिली और वे मेडिकल कॉलेज पहुंचे तो शव देखकर सिहर गए। शिवम के पूरे



शरीर पर चोटों के निशान थे, जो उसे बेरहमी से पीटने की गवाही दे रहे थे। आपको बता दें कि शाहजहांपुर में ट्रांसपोर्ट कंपनी के मैनेजर शिवम जौहरी (32) की गोदाम में बांधकर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें शिवम को गोदाम में बांधकर डंडे से पीटा जा रहा है। थाना सदर बाजार पुलिस ने शिवम के पिता की तहरीर पर व्यापारी नेता नीरज गुप्ता और ट्रांसपोर्ट कंपनी के मालिक बंकिम सूरी समेत सात लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है।

### माफिया अतीक के 15 करीबियों के ठिकानों पर ईडी का छापा

## 100 करोड़ की बेनामी संपत्तियों का खुलासा

■ प्रयागराज, एजेंसी।

उमेश पाल हत्याकांड में पूछताछ के लिए प्रयागराज लाए गए माफिया अतीक अहमद के आर्थिक साम्राज्य पर बुधवार को एक बड़ी चोट हुई। उस पर दर्ज मनी लांड्रिंग केस की जांच में जुटी प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने बसपा के पूर्व विधायक आसिफ जाफरी समेत उसके 15 करीबियों के ठिकानों पर एकसाथ छापे मारे। इनमें शहर के नामचीन बिल्डर संजीव अग्रवाल, कार शोरूम मालिक दीपक भार्गव और चायल के पूर्व विधायक आसिफ जाफरी के अलावा अतीक के एकाउंटेंट भी शामिल हैं। इस दौरान एक करोड़ नकद, गहने व संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज बरामद हुए। साथ ही अबतक की छानबीन में 100 करोड़ की बेनामी संपत्तियों का भी खुलासा हुआ है। कार्रवाई देर शाम तक जारी थी। प्रवर्तन निदेशालय की अलग-अलग टीमें सुबह अतीक के करीबियों के ठिकानों पर धमक पड़ीं। करेली, लूकरगंज, धूमनगंज के साथ ही सिविल लाइंस स्थित माफिया के करीबियों के ठिकानों पर पहुंचकर अफसरों ने कार्रवाई शुरू की तो हड़कंप मच गया। टीमों ने चिह्नित लोगों के घरों के साथ ही कार्यालयों पर भी छापा मारा। यहां सबसे पहले पूरे परिसर को कब्जे में ले लिया गया। प्रवेशद्वार बंद कर दिए गए और बाहर सीआरपीएफ के जवान तैनात कर दिए गए। इसके बाद तलाशी ली गई।



### स्रोत की जानकारी न दे पाने पर नकदी सीज

बिल्डर संजीव अग्रवाल के सिविल लाइंस में एल्गिन रोड व कार शोरूम मालिक दीपक भार्गव के धूमनगंज सुलेमसराय स्थित घर व प्रतिष्ठानों में तलाशी के दौरान एक करोड़ नकद मिले। स्रोत की जानकारी न दे पाने पर टीम में शामिल अफसरों ने नकदी सीज कर दी। बिल्डर के घर के साथ ही एसपी मार्ग स्थित उसके जिम व कार्यालय पर भी घंटों तलाशी अभियान चलाया गया। उधर, दीपक के सुलेमसराय और सिविल लाइंस स्थित कार शोरूम पर भी छापा मारकर कुछ दस्तावेज कब्जे में लिए गए।

### इनके घरों पर भी पहुंची टीमें

उधर माफिया के करीबी और उमेश पाल हत्याकांड में सजायाफ्ता प्रीतम नगर निवासी खान शौलत हनीफ के अलावा लूकरगंज निवासी माफिया के अकाउंटेंट सीताराम शुक्ला, कालिंदीपुरम निवासी खालिद जफर, करेली निवासी मोहसिन व काली, भीटी निवासी वदूद के घर पर भी छापा मारा गया। इसके अलावा कौशाम्बी की चायल विधान सभा क्षेत्र के पूर्व बसपा विधायक आसिफ जाफरी समेत छह अन्य के आवास पर भी ईडी की टीम पहुंची। यहां कार्रवाई के दौरान बहुमूल्य गहने मिले। इसके अलावा बड़ी संख्या में सैकड़ों संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज बरामद हुए हैं। इनमें जमीनों के अलावा कई कंपनियों से भी जुड़े कागज शामिल रहे। सूत्रों का कहना है कि कार्रवाई के दौरान 100 करोड़ की बेनामी संपत्तियों का पता चला है। यह आंकड़ा बढ़ भी सकता है, क्योंकि कार्रवाई देर शाम तक चल रही थी।

## विपक्षी नेता अजित पवार ने सीएम शिंदे और फडणवीस से की मुलाकात

### महाराष्ट्र में अफवाहों का बाजार गर्म

■ मुंबई, एजेंसी।

विपक्ष के नेता अजित पवार ने बुधवार को सह्याद्री गेस्ट हाउस में महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। करीब एक घंटे हुई तीनों के बीच मुलाकात के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में चर्चाओं का बाजार गर्म है। हाल ही में राकांपा प्रमुख शरद पवार और अजित पवार ने ऐसे बयान दिए जो भाजपा के पक्ष में नजर आए। अदाणी मामले में शरद पवार की टिप्पणी ने मीडिया का सबसे अधिक ध्यान खींचा, जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार व्यवसायी गौतम अदाणी और उनके व्यापारिक समूह के खिलाफ सवाल उठाते रहे हैं। टीवी चैनल से बातचीत



करते हुए एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने अदाणी का समर्थन किया था। दूसरी तरफ अजित पवार अब तक प्रधानमंत्री मोदी की चुनावी जीत और डिग्री विवाद को लेकर कांग्रेस-शिवसेना उद्धव बालासाहेब के रुख से उलट बयान दे चुके हैं।हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर पवार ने कहा था कि ऐसा लगता है कि अदाणी समूह पर विदेशी फर्म हिंडनबर्ग को जरूरत से ज्यादा महत्व दिया गया। बिना यह सोचे-समझे कि इससे देश की अर्थव्यवस्था पर क्या असर पड़ेगा। मुझे ऐसा लगता है कि हिंडनबर्ग ने देश के एक औद्योगिक संस्थान को निशाना बनाया गया है। किसी ने इस फर्म का इस विवाद से पहले नाम नहीं सुना। मामले के कई पक्ष हैं। सभी पक्षों पर ध्यान देने की जरूरत है। विदेशी फर्म के अदाणी समूह पर आरोप के बाद सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए अपनी निगरानी में जांच कमेटी बनाई। इसमें सेवानिवृत्त जज भी हैं। शीर्ष अदालत ने समयबद्ध रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा है। इसके बाद जेपीसी गठन की मांग की आवश्यकता नहीं है।





# पीड़ित मानवता की मिसाल व हर समस्या का हल हैं विवेक तन्खा

**जबलपुर यशभारत।** पंडित मोती लाल नेहरू वार्ड के पूर्व पार्षद ताहिर अली ने बताया कि विगत कई वर्षों से राज्य सभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा के द्वारा पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड में विकास के लिए सांसद निधि से फंड दिया जाता रहा है। हर वर्ष गरीब निर्धन व बच्चों की फीस के लिए निधि से पैसा दिया जाता रहा है इस लिए पीड़ित मानवता की मिसाल व हर समस्या का हल होता है। श्री तनखा के पास यह कहना है पूर्व पार्षद ताहिर अली का उनके द्वारा सांसद निधि से 700000 रुपए की 1 सीसी रोड का भूमि पूजन हुआ जो किछोटू चाय की दुकान से होते हुए भारत पावर लूम के आगे अंसारी जी के मकान के पास तक सड़क बनेगी, एवं गर्मी में भीषण पानी की समस्या को देखते हुए दो पानी के टैंकर भी उपलब्ध कराए गए इस अवसर पर 20 लोगों को ढाई ढाई हजार रुपए गरीब निर्धन वह जो बच्चे पढ़ना चाहते हैं पर फीस नहीं होने के करण पढने में समस्या होती है उनके लिए यह सेवक्छा निधि से पैसा उपलब्ध कराया गया आज इस मौके पर तंखा जी के ओएसडी श्री बलदीप मेनी साहब ,आरिफ बेग प्रतिनिधि नगर निगम, यश घनघोरिया, गुरनाम सिंह पाल, इंद्रकुमार सोनी,भूरे अंसारी , गुड्डू भाई ,असगर अंसारी ,हसन पहलवान, नवाब खान , नसीम भाई ,यूनुस भाई ,दिलशाद अंसारी ,मुख्तार अहमद, मंगन हाशमी ,शकील अंसारी ,दिलशाद अहमद ,आमीन भाई ,खुर्शीद घोड़ी वाले ,गुलाम हुसैन ,अनीश भाई ,इमरान मंसूरी, रियाज अंसारी, नौशाद भाई ,अशरफ मंसूरी ,सोहेल खान ,तारिक मंसूरी सलमान अंसारी, गुलाम भाई समीर मोबाइल ,जाहिद अंसारी, आमिर अंसारी ,अजहर उस्मानी, साबिर भाई ,ताहा ,इफ्तिखार अंसारी ,नीरज पटेल, गोलू खान, छोटू चाय वाला इकबाल भाई अकरम अंसारी , सोहराब मंसूरीआदि वार्ड के नागरिक उपास्थित थे और सभी ने राज्यसभा सांसद तंखा जी का आभार वयक्त किया।

## जन प्रतिनिधियों की पहल पर नगर निगम संपत्ति कर विषय पर कलेक्टर से चर्चा

जबलपुर , यशभारत मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जबलपुर प्रवास पर शासकीय औद्योगिक क्षेत्रों में नगर निगम द्वारा संपत्ति कर के प्रकरण पर जनप्रतिनिधि सांसद राकेश सिंह विधायक अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इन्दु,पूर्व मंत्री शरद जैन, डॉ जितेन्द्र जामदार,, नगर भाजपा अध्यक्ष प्रभात साहू, शरद अग्रवाल आदि के साथ हुई चर्चा में कलेक्टर जबलपुर से विषय पर चर्चा करना निश्चित किया गया जिस परिपेक्ष्य में महाकोशल चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री अध्यक्ष रवि गुप्ता के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौपतें हुए अवगत कराया कि मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 132 ;कद्ध के तहत लगने वाला संपत्तिकर संपत्ति के स्वामी पर देय होता है । निर्विवादित रूप से शासकीय औद्योगिक क्षेत्र अधारताल एवं रिछाई का स्वामित्व उद्योग विभाग मण्प्रण् शासन का है इस संबंध में उद्योग विभाग द्वारा नगर निगम को पत्र जारी करते हुए शासकीय औद्योगिक क्षेत्रो की राज्य शासन की सम्पत्ती श्रेणी के तहत् करों की गणना कर कम्पोजिट कर का मांग पत्र प्रेषित करने की मांग भी की गयी यहाँ तक की प्रमुख सचिव उद्योग द्वारा प्रमुख सचिव नगरीय प्रशासन को पत्र प्रेषित करते हुए स्पष्ट भी किया गया है कि औद्योगिक क्षेत्र उद्योग विभाग मण्प्रण् शासन के स्वामित्व में है जो कि मण्प्रण् नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 136 व मण्प्रण् नगर पालिक अधिनियम 1961 की धारा 127 ;कद्ध ;2द्ध के अंतर्गत संपत्ति कर में छूट की श्रेणी में आता है द्य प्रतिनिधिमंडल द्वारा अधिनियामानुसार संपत्ति की श्रेणी के तहत संपत्ति के स्वामी से कर की मांग करने का अनुरोध किया गया साथ ही नगर निगम के अभिमत की औद्योगिक क्षेत्रो के स्वामी उद्योग विभाग के होते हुए भी अधिभोगी से धारा 141 के तहत कर के भुगतान हेतु मांग की जा सकती है ।



## पानी कम होते ही दिखने लगी मुख्य नहर की दुर्दशा

बरेला, यशभारत । मुख्य नहर में पानी कम होते ही जगह-जगह क्षतिग्रस्त हुई दाएं तट की मुख्य नहर नगर के समीप स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही हैं ।रानी अवंती बाई सागर परियोजना बरगी डैम की दाईं तट नहर जोकि नगर से होते हुए रीवा तक गई हुई है नगर के आसपास मुख्य नहर जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गई है। नगर के महंगवा पुल से लेकर बलहवारा पुल तक मुख्य नहर की स्थिति दयनीय है ।अधिकांश पैनल जीर्ण शीर्ण अवस्था में है तथा अन्य जगह पैनल धराशाई हो गए हैं तथा कुछ जगह पैनल ही गायब हो गए हैं। स्थानीय किसानों का कहना है कि मुख्य नहर के निर्माण में गुणवत्ता के साथ जमकर खिलवाड़ किया गया है अधिकारियों द्वारा बगैर मिट्टी परीक्षण के नहर का निर्माण कराया गया है जिसका खामियाजा किसानों को भोगना पड़ रहा है ।नहर का निर्माण हुए लगभग एक दशक से ज्यादा हो गया है किंतु विभाग द्वारा नहर की मरम्मत न कराने से स्थिति और भी बदतर हो गई है नहर के चालू होने की 1 वर्ष बाद ही नहर क्षतिग्रस्त हो गई थी नहर का मेंटेनेंस ना होने से किसानों को सीपेज की समस्या से जूझना पड़ रहा है जिसके कारण कुछ किसान वर्ष में केवल एक ही फसल ले पा रहे हैं ।वहीं दूसरी ओर विभाग द्वारा मुख्य नहर का मेंटस करने में जमकर हिला हवाली की जा रही है।



## जीव से ब्रह्म की मित्रता ही सुदामा चरित्र है-ब्रह्मचारी डा0इन्दुभवानन्द

जबलपुर, यशभारत। त्रिमूर्ति नगर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के सप्तम दिवस पर पूज्य ब्रह्मचारी जी ने भगवान श्री कृष्ण के 16108 विवाहों की आध्यात्मिक व्याख्या की इसी क्रम में ब्रह्मचारी चैतन्यानंद राजा नृग की कथा के माध्यम से दान में सावधानी तथा निष्ठा का पालन करने का संदेश दिया । जीव और परमात्मा नित्य सखा हैं, जीव पर जब कष्ट आता है तो स्वयमेव किसी न किसी माध्यम से अपने सखा को बुलाकर उसके कष्टों को दूर कर देता है इसी आधार पर अपने मित्र सुदामा के पुरुषार्थ रूपी चार मुट्ठी चावल को स्वीकार कर सर्वस्व प्रदान किया । कथा में मुख्य यजमान श्रीमती सुनीता मिश्रा उत्तर मध्य क्षेत्र के विधायक विनय सक्सेना, डॉ नर्मदा प्रसाद शर्मा, रत्नेश, सुशील, रजिन्दू, मनोज सेन आदि उपस्थित रहे ।

## न्यूज ब्रीफ

### नवरंगश्रीमद भागवत् :धूम-धाम से मनाया श्री कृष्ण जन्मोत्सव



जबलपुर, यशभारत ।सरस्वती उ. मा. विद्यालय जगदीश मंदिर गढ़ाफाटक में चल रहीश्रीमद भागवत् कथा में व्यास पीठ से श्रीधाम वृंदावन से पधारे निखिल शास्त्री ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग की सरस व्याख्या की। धूमधाम से नंदोत्सव व श्रीकृष्ण जन्मोत्सव ने मनाया गया। कृष्ण कन्हैया के लिये विशेष तौर पर (राजस्थान) पालकी बुलाई गई। तथा मंच को फूल-माला रंगीन फुग्गो, लाइट के बीच लाल चुनरी में महिलाओं को कार्यक्रम में बुलाया गया। कन्हैया जी के जन्मदिन में हजारों माताएं-बहिनों व बच्चों ने नृत्य किया। इस मौके पर विधायक अजय विश्नोई , सुरेश देशपाण्डे, विनोद गोटिया पर्यटन विकास निगम के (अध्यक्ष), विधायक विनय सक्सेना, डा. आनंद तिवारी , डा.अभिजीत विश्नोई -रामसिंह ठाकुर सपनाज सिंह, प्रज्ञावर्मा,राजा मुकेश वीणा केसरवानी उपस्थित थे।

### भाजयुमो पं. अटल बिहारी वाजपेयी मंडल द्वारा सफाई कर्मचारियों का सम्मान



जबलपुर, यशभारत। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे सामाजिक न्याय सप्ताह के अंतर्गत भारतीय जनता युवा मोर्चा पं. अटल बिहारी वाजपेयी मंडल द्वारा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दादा ईश्वरदास रोहाणी पार्क एम्पायर टाल्कीस में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। भाजयुमो मंडल अध्यक्ष स्वपनिल पांडेय ने बताया कि स्वच्छता कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दादा ईश्वरदास रोहाणी की प्रतिमा को पानी से धो कर प्रांगण में झाड़ू लगाकर साफ -सफाई की गयी ,तत्पश्चात सफाई कर्मचारियों का सम्मान केंट विधायक अशोक रोहाणी,विजय रोहाणी और भाजयुमो जिला अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ठाकुर के आथित्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा मंडल के अध्यक्ष आशीष राव,भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिती सदस्य जय रोहाणी जी भाजयुमो जिला मंत्री अंकित फ्रांसिस संदीप गोंड अंकित पांडेय अदिति राजपूत ऋषभ रजक राहुल पिल्लै चमन रजक ज्योति रेड्डी सावन ठाकुर समीर बमन और युवा मोर्चा के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### प्राध्यापकों का सम्मान



जबलपुर, यशभारत। प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ के संभागीय अध्यक्ष प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि प्राध्यापक संघ द्वारा वरिष्ठ प्राध्यापकों का सम्मान समारोह नियमित तौर पर किया जाता है इसी तारतम्य में प्रो.के.एस.दुबे एवं प्रो. प्रज्ञा अनुरागी का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्रो. शुक्ल ने बताया कि प्रो.के.एस.दुबे एवं प्रो. प्रज्ञा अनुरागी के 40 वर्षो तक शैक्षिक सेवा में अनेक विद्यार्थियों को इन्होंने मार्गदर्शन एवं शैक्षिक उन्नयन में संलग्न रहे।इस अवसर पर डॉ.टी.आर.नायडू, डॉ.जे.के.गुजराल, डॉ. शैलेन्द्र श्रीवास्तव, डॉ.जे.के.गुजराल द्वारा प्रो.के.एस.दुबे एवं प्रो. प्रज्ञा अनुरागी को पुष्पगुच्छ एवं शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।
सम्मान समारोह में डॉ. वंदना शुक्ला, डॉ. आर.एन.श्रीवास्तव, डॉ. राजीव मिश्रा, डॉ. हेमंत तनकपंन, डॉ अर्चना सिंह, डॉ. ज्योति जाट, डॉ. शिवचंद्र वल्के, डॉ. तृप्ति उकास, डॉ. महेन्द्र कुमार कुशवाहा, डॉ. स्वाति मिश्रा, डॉ. नीलिमा, डॉ. तरूणेद्र साकेत आदि उपस्थित रहें।

## रेलवे ट्रैक के किनारे नहीं जलाए पराली

## आरपीएफ दे रहा जलाने ग्रामीणों को समझाइश



**जबलपुर यशभारत।** पश्चिम मध्य रेल, रेल यात्री सुरक्षा को सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता देता रहा है। जिसके अंतर्गत पश्चिम मध्य रेल द्वारा रेल परिचालन में संरक्षा को सुरक्षित बनाने के लिए आम जनता एवं यात्रियों को जागरूक करने की दिशा में सक्रिय कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में रेल सुरक्षा बल द्वारा रेलवे ट्रैक के निकट पड़ने वाले ग्रामों के ग्राम सरपंचों को अपने खेतों में पराली न जलाने हेतु समझाइश दी जा रही हैं। ग्राम प्रधान/सरपंच एवं ग्रामीण वासियों को सूचना के माध्यम से बताया जा रहा है कि रेल लाइन के किनारे आने वाले खेतों में पड़ी पराली को आग नहीं लगायें और साथ में यह समझाया ज रहा है कि आग लगने से रेल संपत्ति तथा यात्रियों की जान को खतरा हो सकता है। पश्चिम मध्य रेल के क्षेत्राधिकार में आने वाले ग्रामों एवं सरपंचों को रेल सुरक्षा बल के सभी पोस्ट एवं आउट पोस्ट के द्वारा समझाईश दी जा रही है। इसके अंतर्गत जबलपुर मण्डल में भी रेल परिक्षेत्र के नजदीक के खेतों में पराली में आग जैसी घटनाओं को रोकने के लिए पश्चिम मध्य रेल पर रेल सुरक्षा बलों द्वारा लगातार व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत रेलवे ट्रैक के नजदीक के गांवों एवं बस्तियों में जगह-जगह पर जागरूकता अभियान चलाकर पराली ना जलाने के लिए समझाया जा रहा है। ग्रामीणों को जागरूक करते हुए उन्हें समझाईश दी जा रही है कि वे रेल परिक्षेत्र के नजदीक के खेतों के पराली में आग नहीं लगायें। साथ ही अपने जानवरों को रेल पटरी के नजदीक नहीं जाने दें। इससे रेल सम्पत्ति की हानि सकती है, साथ ही रेल संरक्षा भी प्रभावित हो सकती है। रेल सुरक्षा बल द्वारा ग्राम सरपंचों से यह भी आग्रह किया जा रहा है कि वह अपनी पंचायत में निवासरत लोगों को अपने स्तर से समझाईश दें कि कोई अपने खेतों के पराली में आग नहीं लगायें ।



## करमेता में स्वास्थ्य और रक्तदान शिविर

जबलपुर, यशभारत। युवा सेवा फाउण्डेशन एवं करमेता ब्लड डोनर क्लब के द्वारा करमेता के कृष्णा बस्ती झोपड़ पट्टी क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर में पीड़ित लोगों को उचित उपचार तथा दवाइयां उपलब्ध कराई गई। स्वल्पाहार और शरबत की सेवा भी प्रदान की गई। स्थानीय युवाओं ने बढ़चढ़ कर रक्तदान करके अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया।महापौर जगत बहादुर सिंह च्अन्नूज , पार्षदगण सतेन्द्र चौबे, श्रीमती अदिति अतुल बाजपेई, हर्षित यादव, अनिता शुक्ला, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर श्रेया खण्डेलवाल आदि की उपस्थिति ने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया। विभिन्न विशेषज्ञ डॉ.हर्षा रेड्डी, डॉ. त्रिशा नायक, डॉ. प्रियंका सोनी, डॉ.सरिता साहू, डॉ. अर्चना शुक्ला, डॉ.स्टीफन दास, डॉ. संजय असाटी तथा मेडिकल ब्लड टीम ने बहुमूल्य उदार सहयोग सुलभ कराया। अजय घोष, विकास शुक्ला, सरबजीत सिंह नारंग, विकास खण्डेलवाल, नीलेश गुप्ता, राहुल तिवारी,शरद वर्मा, दीपक नामदेव, प्रिया जैन, रोशनी ठाकुर,साक्षी गर्ग,पंकज खरे,तिलक गोंटिया, नवीन जेठानी, वकील अंसारी, सोनू ठाकुर,पवन विश्वकर्मा,आकाश यादव आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना अमूल्य योगदान दिया।






## नगर की प्रीति गुप्ता को मिला द मोस्ट इंस्पायरिंग वूमेन ऑफ द अर्थ का अवार्ड

जबलपुर, यशभारत। सेवा भावी कार्यों में जुटी उड़ान संस्था की प्रमुख नगर की प्रीति गुप्ता को द मोस्ट इंस्पायरिंग वूमेन ऑफ द अर्थ का अवार्ड दिल्ली में आयोजित समारोह में दिया गया। समारोह में विश्व से कई देशों के लोगों ने शिरकत की। जिसमें ब्राजील, ब्रिटेन, मलेशिया ,इंडोनेशिया, मस्कट , मंगोलिया मेक्सिको एवं भारत आदि से लोगों ने पार्टिसिपेट किया सभी अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में माहिर थे सभी ने अपने देश और समाज के लिए अपना अभूतपूर्व योगदान दिया है । सेवा की कड़ियों को देखते हुए उड़ान वेलफेयर फाउंडेशन की अध्यक्ष प्रीति गुप्ता को इस अवार्ड से नवाजा गया ।

## महिलाओं के साथ मारपीट करने वाले पुलिस कर्मियों पर करो कार्यवाही

जबलपुर,यशभारत। चेरीताल दुर्गाई मोहल्ला में नई शराब दुकान खुलने का विरोध कर रही महिलाओं के साथ मारपीट करने वाले पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति के पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संगठन की महिलाओं ने पुलिस कंट्रोल रूम के सामने प्रदर्शन भी किया। ज्ञापन के दौरान जनवादी महिला समिति जिला अध्यक्ष अंजना कुररिया, विद्या खंगार, रजिया खान, असिया अंसारी, सन्नो श्रीवास्तव, नीलम गोंटिया सहित अन्य मौजूद रहे।

## 3चंदन कालानी, गढ़ा, में श्रीमद् भागवत् कथा ज्ञानयज्ञ एवं नर्मदेश्वर महादेव महारुद्र अभिषेक 16 से



**जबलपुर, यशभारत।** श्री मर्यादा पुरूषोत्तम संकट मोचन हनुमान चंदन कालानी, गढ़ा, में वैशाख मास के उपलक्ष्य में श्रीमद् भागवत् कथा ज्ञानयज्ञ एवं नर्मदेश्वर महादेव महारुद्र अभिषेक एवं 108 हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन 16 अप्रैल से 23 अप्रैल में किया जाएगा। संरक्षक चन्द्रेशा शास्त्री महाराज ने बताया कि
पूज्यनीय गुरूदेव धर्मचक्रवर्ती पद्मविभूषण तुलसीपीठाधीश्वर जगतगुरू रामनन्दाचार्य, स्वामी श्री रामामद्राचार्य जी महाराज के सानिध्य में यह धार्मिक आयोजन किया जा रहा है जिसमें पं. अभिषेक कृष्ण जी श्री शारदा मठ, जबलपुर करूणानन्द आश्रम वृन्दावन) श्रीमद् भागवत् कथा ज्ञानयज्ञ की सरस व्याख्या करेंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक होगी। नर्मदेश्वर महादवे का रूद्र महाअभिषेक एवं हनुमान चालीसा 108 पाठ प्रत्येक दिन किया जा रहा है ।
कार्यक्रम इस प्रकार से हैं-
16 अप्रैल 2023 रविवार- कलश यात्रा प्रातः 9 बजे, श्रीमद्
17 अप्रैल 2023 सोमवार -सुखदेव जन्म कथा
18 अप्रैल 2023 मंगलवार भगवान शिव का विवाह कथा
19 अप्रैल 2023 बुधवार श्रीकृष्ण जन्म कथा
20 अप्रैल 2023 गुरुवार -श्रीकृष्ण बाल लीला एवं गोवर्धन पूजा
21 अप्रैल 2023 शुक्रवार - कंस वध, कृष्ण रूकमणि विवाह
22 अप्रैल 2023 शनिवार : सुदामा चरित्र, परिक्षित मोक्ष, कथा
विश्राम 23 अप्रैल 2023 रविवार :पूर्णाहुति एवं दरबार, भण्डारा

# विद्युत वितरण कंपनी ने जारी किए गर्मी में बिजली बिल घटाने के तरीके

**जबलपुर, यशभारत।** गर्मी का मौसम आते ही जैसे-जैसे पारा चढ़ता है,वैसे-वैसे आपका बिजली का बिल ना बढ़े,इसके लिए विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कुछ कारगर तरीके सुझाये हैं। ए.सी. इस्तेमाल करने वालों के लिए ए.सी. के टेम्प्रेचर को 24 से 26 डिग्री के बीच सेट करें। इससे नीचे टेम्प्रेचर करने पर ए.सी. के कंप्रेशर को ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। ए.सी. ज्यादा देर तक चलता है, इसलिए बिजली भी ज्यादा खर्च होती है और आपका बिल ज्यादा आता है। ए.सी. के साथ-साथ कमरे में पंखा भी चलाएं। ए.सी. के एयर फिल्टर को हर 10-15 दिनों में अच्छी तरह धोकर साफ करें फिल्टर में धूल जमने में आपको पूरी ठंडक नहीं मिलती और आपको ए.सी. ज्यादा देर तक चलाना पड़ता है। ए.सी.वाले कमरों के खिड़की-दरवाजे ए.सी.चलनेके दौरान मजबूती से बंद रखें। यदि दरवाजे-खिड़कियों में झिरियां हों तो उन्हें थर्मोकोल आदि का इस्तेमाल कर सील कर दें।



### कूलर इस्तेमाल करने वालों के लिए

कूलर से पूरी ठंडक पाने के लिए जरूरी है कि कूलर जितनी हवा फेंक रहा है उतनी हवा कमरे से बाहर निकलने का भी पूरा इंतजाम हो। कूलर के पैड यदि खराब हो गये हैं तो उन्हें बदलवा लें। कूलर के पंखे और पंप की आइलिंग ग्रीसिंग करा लें। कूलर के पंखे के कंडेंसर की जांच जरूर करायें। कूलर के रेगुलेटर की भी जांच करायें, इलेक्ट्रॉनिक रेगुलेटर से बिजली कम खर्च होती है।

### पंखे इस्तेमाल करने वालों के लिए

घर के सब पंखों की सर्विसिंग करा लें। खराब कंडेंसर,बाल बेयरिंग इत्यादि को तुरंत बदलवा लें। पंखे में इलेक्ट्रॉनिक रेगुलेटर का इस्तेमाल करें। रेफ्रिजरेटर इस्तेमाल करने वालों के लिए-रेफ्रिजरेटर में कोई खराबी न भी दिखायी दे रही हो तो गर्मी का मौसम ठीक से शुरू होने के पहले रेफ्रिजरेटर की जांच करा लें। रेफ्रिजरेटर का दरवाजा बार-बार ना खोलें। रेफ्रिजरेटर का दरवाजा ज्यादा देर तक न खुला रखें। दरवाजा बार-बार खुलने या ज्यादा देर खुला रहने से कंप्रेशर को फ्रिज का टेम्प्रेचर बनाये रखने में ज्यादा मेहनत लगती है। कंप्रेशर ज्यादा चलने से आपका बिजली बिल बढ़ता है। एकदम गर्मागर्म खाना या दूध फ्रिज में न रखें। ऐसा करने से भी कंप्रेशर को ज्यादा देर चालू रहना पड़ता है और आपका बिजली बिल बढ़ता है।अपने घर में बिजली की वही वायर और फिटिंग्स इस्तेमाल करें जिनपर आई.एस.आई. का मार्क हो। वायरिंग पुरानी,खराब होने से भी बिजली ज्यादा खर्च होती है ।

यश भारत
नये जमाने के साथ..
क्लासीफाइड (वर्गीकृत विज्ञापन)
• आवश्यकता • प्रापर्टी • लोन • मकान •
• दुकान/आफिस खरीदना बेचना •
• ज्योतिष • शिक्षण • ट्रेवल्स व अन्य •

| 1 माह | 15 दिन | 7 दिन | 3 दिन | 1 दिन |
|---|---|---|---|---|
| Rs.1800/- | Rs.1200/- | Rs.500/- | Rs.250/- | Rs.150/- |

व्यवसाय बढ़ायें-समाधान पायें यशभारत के साथ
भवन नामांतरण आम सूचना
इश्तहार गुमशुदा नाम सुधार जन्मदिन
बुकिंग हेतु संपर्क करें मो. : 9522920552, 9425160507
e-mail : jabalpur@yasshbharat.com

# नियम विरुद्ध खुली शराब दुकानें देख जनता कह रही इससे अच्छा हर मुहल्ले में खुलवा दो

## आखिर नियम तोड़ने वाले ठेकेदारों पर कार्यवाही करने से क्यों पीछे हट रहा जिला प्रशासन, आबकारी विभाग

**जबलपुर यशभारत।** तय सीमा के बाहर शराब दुकान खोलना आबकारी अधिनियम के तहत गलत है इसी वजह से हाल ही में आबकारी विभाग ने शहर में तीन शराब ठेकेदारों को नोटिस देते हुये दुकानें सील कर दी। लेकिन आबकारी अधिनियम में यह भी प्रावधान है कि जिस क्षेत्र में स्थानीय जन शराब दुकान खोलने का विरोध करते है तो वंहा भी शराब दुकानें नहीं खोली जा सकती लेकिन अफसोस की बात है कि शहर में कई जगह क्षेत्रिय लोग अपने क्षेत्र में शराब दुकान खोले जाने का विरोध कर रहे है लेकिन उनकी न तो आबकारी विभाग सुन रहा है ना ही जिला प्रशासन । और तो और चेरीताल में तो शराब दुकान का विरोध कर रहे लोगों पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर उनको खदेड़ा और अपनी सुरक्षा में शराब दुकान खुलवा दी। अब ऐसे शराब ठेकेदार का दबदबा नहीं तो और क्या कहा जायेगा। कायदे से जब क्षेत्र की महिलायें यंहा शराब दुकान खुलने का विरोध कर रही थी तो आबकारी विभाग ने क्यों दुकान कहीं और शिफट नहीं की। इसके अलावा पुलिस ने किस दबाव या फायदे के कारण धरना दे रही महिलाओं पर बलपूर्वक कार्यवाही की।



### होटल-ढाबे बन गये अहाते, सड़क पर हो रही दारूखोरी

प्रदेश सरकार के अहाते बंद करने के निर्णय से शराब की बिक्री पर रत्तीभर भी फर्क नहीं पड़ा है लेकिन इससे होटल ढाबो में धड़ल्ले से बैठालकर शराब पिलाई जा रही है वहीं शराब दुकान के आसपास के मार्केट एवं सड़क पर दारूखोर खुलेआम दारूखोरी कर रहे है। जबकि मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुसार पुलिस और आबकारी विभाग को चाहिए कि वे प्रतिदिन अभियान चलाकर होटल-ढाबों पर शराब पीने पिलाने वालों पर कार्यवाही करे। इसके अलावा सड़क पर या सार्वजनिक स्थान पर दारूखोरी करने वालों पर एक्शन ले। लेकिन पुलिस आंख मूंदे हुये है। चर्चा तो यंहा तक है कि कई होटल-ढाबों वालों से पुलिस ने बकायदे खर्चा बांध लिया है इसलिए पुलिस वाले आंखें मूंदे हुये है।

### नया बाजार की शराब दुकान पूरी तरह नियम विरुद्ध

बताया जाता है मालवीय चौक स्थित नया बाजार मार्केट में अंजुमन स्कूल की दीवार से लगकर शराब दुकान खोली गई है और इससे कुछ ही दूरी पर एक मंदिर एवं सामने एक स्कूल स्कूल है जबकि नियम है कि धार्मिक स्थल और स्कूल-कालेज से सौ मीटर दायरे के अंदर शराब दुकान नहीं होना चाहिए लेकिन इसके बाद भी आबकारी विभाग ने यंहा शराब दुकान खोलने की इजाजत कैसे दे दी। इतना ही नहीं शराब दुकान खोलने नगर निगम बाजार विभाग से भी लायसेंस नहीं लिया गया लेकिन आज तक बाजार विभाग द्वारा शराब दुकान संचालक पर कार्यवाही न किये जाने से चर्चायें गर्म है। बताया जाता है मार्केट के व्यापारियों का कहना है यंहा शराब दुकान खुलने से मार्केट का व्यापार प्रभावित हो रहा है खासकर महिलायें यंहा खरीदी करने आने में कतरा रही है लेकिन आबकारी विभाग एवं जिला प्रशासन लगातार शिकायत के बाद भी कार्यवाही नहीं कर रहा।

# शातिर बदमाश कल्लू के खिलाफ एनएसए की कार्यवाही

**जबलपुर,यशभारत।** शातिर बदमाश हिमांशु उर्फ कल्लू कोरी के खिलाफ एसपी टीके विद्यार्थी के प्रतिवेदन पर जिला दंडाधिकारी ने एनएसए के तहत वारंट जारी किया गया है। हनुमानताल टीआई उमेश गोल्हानी ने बताया कि हिमांशु उर्फ कल्लू कोरी पिता गौरीशंकर कोरी उम्र 32 वर्ष निवासी सती चौक बड़ी खेरमाई के पास शातिर अपराधी है जिसके खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास, अवैध वसूली, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, आर्म्स एक्ट, घर में घुसकर मारपीट आदि के करीब 34 अपराध पंजीबद्ध हैं। पुलिस ने एनएसए के वारंट में कल्लू कोरी को गिरफ्तार करते हुए केंद्रीय जेल में निरूद्ध कराया। एसपी के आदेश के परिपालन में दिये गये निर्देशों के तहत एएसपी प्रियंका शुक्ला एवं सीएसपी गोहलपुर अखिलेश गौर के मार्गदर्शन में शातिर बदमाश हिमांशु उर्फ कल्लू कोरी के विरूद्ध एन.एस.ए. का प्रकरण तैयार कर जिला दण्डाधिकारी जबलपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया था, जिला दण्डाधिकारी जबलपुर सौरभ कुमार सुमन के द्वारा आरोपी की आपराधिक गतिविधियो को दृष्टिगत रखते हुये एन.एस.ए. के तहत गिरफ्तारी वारंट जारी करते हुये केन्द्रीय जेल जबलपुर में निरूद्ध कराये जाने का आदेश जारी किया गया।

## दंपत्ति का विवाद युवक को सुलझना पड़ गया भारी : डंडे से पीट-पीटकर किया घायल

**जबलपुर, यशभारत।** थाना भेड़ाघाट अंतर्गत पड़ोसी अपनी पत्नी से मारपीट कर रहा था, जिन्हें समझना युवक को उस वक्त भारी पड़ गया जब आरोपी पति ने उल्टे युवक से ही गालीगलौच करने लगा। पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपी ने डंडे से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देत`हुए भाग खड़ा हुआ। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि दिलीप अहिरवार 22 वर्ष निवासी ग्राम बहदन ने बताया कि उसका पड़ौसी जुगराज अहिरवार अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर रहा था उसने मारपीट करने का कारण पूछा तो पड़ोसी ने गाली गलौज करते हुये डंडे से आंख और पीठ में हमलाकर चोट पहुंचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया।

# कागजों तक सीमित है वाटर हार्वेस्टिंग,अब भी नहीं चेते तो गहराएगा गंभीर जल संकट



**जबलपुर,यशभारत।** देश के अधिकांश हिस्सों के साथ ही जबलपुर में भी भूजलस्तर में लगातार गिरावट आ रही है परंतु इसके बावजूद भूमि के जलस्तर को बढ़ाने व जलसंरक्षण को लेकर आज भी वैसी गंभीरता नहीं बरती जा रही जिस तरह के हालात दिन व दिन बन रहे हैं। न केवल सरकारी मशीनरी वरन आम लोगों में भी जल संरक्षण को लेकर अब तक पर्याप्त जागरूकता नहीं आ सकी है। हालांकि इस मुद्दे को लेकर सरकार व स्थानीय प्रशासन के साथ ही अनेक जागरूक संस्थानों द्वारा समय समय पर कार्यशालाओं व अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से चिंता व्क्त की जाती रही है परंतु बावजूद इसके जमीनी स्तर पर कोई कारगर उपाय नहीं हो सके हैं। हालात यह हैं कि शहरी क्षेत्र में अनिवार्य होने की बावजूद वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के प्रति न तो नगरीय निकाय गंभीर है और न ही आम नागरिक ही जागरूक हैं। गौरतलब हो कि नगर निगम में मकान निर्माण से पूर्व नक्शा पास कराते समय वाटर हार्वेस्टिंग के लिए एक धरोहर राशि भी जमा कराई जाती है, लेकिन इसके बाद भवनों की मॉनिटरिंग नहीं होती। यही वजह है कि वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम सिर्फ कागजों में ही सीमित नजर आता है। जबकि शहर में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम व्यवस्था को सख्ती से लागू करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है ताकि लोग वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को अपनाएं और भूजल रिचार्ज करने में सहयोगी बनें। नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर में भवनों के निर्माण की अब भी अनुमति तो दी जाती है लेकिन कुछ भवनों को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश में ये सिस्टम नहीं बनाया गया है। शहर में कई कालोनियां भी अवैध रूप से बसी है जहां वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए जाने के नियम की पूरी तरह अनदेखी की जा रही है। सरकार ने वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को लेकर मापदंड तैयार किया है। बताया गया है कि सरकार द्वारा निर्धारित मापदंड के मुताबिक यह सिस्टम अगर 400 वर्ग फीट के छत वाले मकान में लगाया जाए तो एक वर्षाकाल में लगभग 15 हजार लीटर पानी रिचार्ज किया जा सकता है। ऐसे में यदि शहर के हर घर में ये सिस्टम स्थापित होता तो शहर का भूजलस्तर काफी ऊपर होगा। यदि अब भी नगर निगम प्रशासन और यहां रहने वाले भूमि जल के स्तर में लगातार हो रही गिरावट के प्रति सचेत न हुए तो आने वाले सालों में शहर को भारी जलसंकट का सामना करना पड़ सकता है।



# गर्भवती महिलाओं को दी प्रसव व बाद में होने वाली समस्याओं की जानकारी

**जबलपुर, यशभारत।** सुरक्षित मातृत्व दिवस पर डा. चित्रा जैन म. प्र. वुमन डॉक्टर विंग् की चेयर पर्सन ने पनागर स्वास्थ्य समुदाय केंद्र में गर्भ धारण करने के समय सावधानियां पोषक आहार और पोषण से संबंधित जानकारी मरीजों को दी। प्रसव व प्रसव के बाद होने वाली समस्याओं की जानकारी गर्भवती महिलाओं को दी। डा. चित्रा जैन ने जच्चा व बच्चा को पौष्टिक आहार के पैकेट एवम बच्चों को कपड़ो का वितरण किया, और वहा पर उपस्थित 70 नर्सिंग छात्राओं को सुरक्षित मातृत्व एवम स्तन पान के महत्व के बारे में अवगत कराया।

## एंपायर टॉकीज के पास चला यातायात पुलिस का अभियान

**जबलपुर,यशभारत।** सड़क पर कर्कश आवाज वाले हॉर्न और इन्फील्ड पर कर्कश आवाज निकालने वाले वाहन चालकों के खिलाफ यातायात पुलिस की कार्यवाही निरंतर जारी है। इसके साथ ही बिना हैल्मेट लगाकर अपने जीवन को खतरे में डालने वाले चालकों पर भी ई-चालानी कार्यवाही की जा रही है। मंगलवार को उक्त कार्यवाही एंपायर टॉकीज के पास की गई। इस दौरान पुलिस ने ऐसे दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ भी कार्यवाही की जिनके वाहनों में नंबर प्लेट में कुछ अंक गायब थे या फिर नंबर प्लेट आड़े-तिरछे तरीके से बनवाकर गाड़ी में लगाई गई थी।

# जबलपुर में खप रहा आंध्रा का गांजा

## ओमती-घमापुर में गांजा सप्लायर को पुलिस ने दबोचा, करीब 2 किलो जब्त

**जबलपुर, यशभारत।** ओमती थाना अंतर्गत घोड़ा अस्पताल के पास पुलिस ने एक बाइक सवार गांजा तस्कर को दबोचकर दो किलो गांजा जब्त किया है। आरोपी के तार आंध्रप्रदेश से जुड़े है। जिनकी पूरी की पूरी गैंग शहर के आसपास छोटी छोटी पन्नियों में गांजा रखकर सप्लाई देते है। इसी प्रकार घमापुर पुलिस ने भी घर से गांजा की पुड़िया बेंच रहे आरोपी को दबोचा है। पकड़े गए आरोपियों से पुलिस , गैंग के अन्य गुर्गों की पूछताछ कर रही है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि सूचना मिली कि एक युवक बाइक से गांजा की बड़ी खेप लेकर, ग्राहक को सप्लाई देने आ रहा है। जिसके बाद मुस्तैद पुलिस ने घोड़ा अस्पताल के पास फील्डिंग जमाई।



कुछ देर के बाद बाइक सवारर राहुल झारिया 37 साल निवासी अधारताल पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसे घेराबंदी कर दबोचा गया।

### गैंग करती है ऐसे काम

पुलिस ने जब आरोपी की तलाशी ली तो पन्नियों में गांजा रखे मिला। जिसकी तोल कराने पर दो किलो, कीमत पंद्रह हजार का गांजा पाया गया। बताया जा रहा है कि आरोपी की गैंग, दूसरे प्रदेशों से गांजा लाकर, उसे दोगुनी कीमत में शहर के अनेक क्षेत्रों में बाइक से सप्लाई करते है। अब पुलिस गांजा गैंग की पूरी की पूरी चेन को तलाश करने में जुटी है।

### घर से बेंच रहा था पुड़िया

इसी प्रकार घमापुर पुलिस ने राहुल वंशल को घर से गांजा की पुड़िया बेंचते हुए दबोचा है। बताया जा रहा है कि आरोपी वर्षों से इस गोरखधंधे से जुड़ा हुआ है। जिसकी तलाशी लेने पर पुलिस ने करीब 120 ग्राम गांजा जब्त किया गया है।

## द्वारका प्रसाद मिश्र वार्ड में 40 लाख की लागत से बनेंगीं सड़क और नालियां

**जबलपुर,यशभारत।** द्वारका प्रसाद मिश्र वार्ड में करीब 40 लाख रुपए की लागत से क्षेत्र की सड़कों और 13 नालियों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधायक लखन घनघोरिया के द्वारा कराया गया। इस मौके पर विधायक लखन घनघोरिया ने बताया कि पार्षद जितेंद्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में पार्षद निधि से निर्माण कार्य किया जाना है। द्वारका प्रसाद मिश्र वार्ड में विकास कार्य तेजी से बढ़ाने के लिए किए गए भूमिपूजन के बाद क्षेत्रीय बुजुर्गों सहित लोगों ने विधायक और पार्षद के प्रति आभार व्यक्त किया।

# कठोर परिश्रम से ही मिलेगी सफलता : संभागायुक्त वर्मा

## संभागायुक्त ने बढ़ाया प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं का हौसला

**जबलपुर,यशभारत।** मॉडल स्कूल के सभागार में युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने जिला प्रशासन द्वारा संचालित ज्ञानाश्रय कोचिंग क्लास में आज बुधवार को जबलपुर संभाग के आयुक्त अभय वर्मा शिक्षक और मार्गदर्शक की भूमिका में नजर आये । उन्होंने क्लास में मौजूद छात्र-छात्राओं का हौसला बढ़ाया और उन्हें लक्ष्य को हासिल करने कड़ी मेहनत की सलाह दी । श्री वर्मा ने छात्र-छात्राओं से यूपीएससी और एमपी पीएससी की परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर चर्चा की । उन्होंने अपने प्रेरक उद्बोधन में छात्र-छात्राओं से कहा कि परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने विषय का गहराई से अध्ययन बेहद जरूरी है । उन्होंने कहा कि हो सकता है शुरुआती प्रयासों में असफलता मिले, लेकिन इससे हताश या निराश होने की जरूरत नहीं हैं । बल्कि इसे पिछले प्रयास में रह





गई कमियों को दूर करने का अवसर मानकर और कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है । संभागायुक्त श्री वर्मा ने कहा कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं है । अनुशासन के साथ निरंतर किये गये कठोर परिश्रम से लक्ष्य जरूर हासिल होगा, क्योंकि कभी-कभी गुच्छे की अंतिम चाबी भी ताला खोल देती है । उन्होंने परीक्षा की तैयारियों के लिये विषय के चयन को महत्वपूर्ण बताया तथा सही मार्गदर्शन में सिलेबस के अनुसार तैयारी करने की सलाह भी छात्र-छात्राओं को दी । संभागायुक्त ने छात्र-छात्राओं से कहा कि अच्छी किताबों का अध्ययन करें तथा ग्रुप डिस्कशन भी जारी रखें । समय-समय पर वे भी ज्ञानाश्रय कोचिंग क्लास में विषय आधारित चर्चाओं में शामिल होंगे । ज्ञानाश्रय कोचिंग क्लास में संभागायुक्त के सम्बोधन के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, प्राचार्य मॉडल हाई स्कूल मुकेश तिवारी , सयुंक्त संचालक ज्ञानाश्रय कोचिंग क्लास रामलखन मीणा, सहायक संचालक विष्णु योगी, बलराम प्रजापति भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन की पहल और आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा के डायरेक्टर परीक्षित भारती के सहयोग से पंडित लज्जाशंकर झा उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मॉडल स्कूल के सभागार में एक मार्च से यूपीएससी एवं एमपीपीएससी निःशुल्क कोचिंग क्लासेज संचालित हो रही है।

## मूल रजिस्ट्रेशन गुमा

HIDAM LANCHENBI DEVI O/o HIDAM KHAMBA SINGH यह घोषणा करती हूं कि रीजनल इंस्टीटयूट आफ नर्सिंग ग्लोबल कालेज पाटन बायपास चौराहा करमेता, जबलपुर में एमएससी नर्सिंग कोर्स में प्रवेश लेने आई थी। जिसके लिए ग्लोबल कालेज से आईटीआई जा रही थी। रास्ते में मेरे ओरिजनल दस्तावेज पालिथीन जिसमें बीएससी नर्सिंग जिसका क्रं. AI-33676, DII-33026 एवं आधार कार्ड रखा था। जो कि कही गिर गया है। जिस किसी सज्जनको मिले कृपया संपर्क करें।

**Add:-SAMUROU KAKHA LEIKAI WANGOL SUB- DIVISION, IMPHAL WEST MANIPUR**

## कार्यालय कलेक्टर जिला सिवनी एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

### प्रारंभिक अधिसूचना

क्रमांक/2403/जि.भू.अ./2023 — सिवनी, दिनांक : 31.05.2023

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसमें संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (14) में उल्लेखित वर्णित भूमि की थावरझोडी जलाशय परियोजना के बांध क्षेत्र में नहर निर्माण हेतु सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता पड़ने की संभावना है अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 11 की उपधारा 1 के उपबंधों के अनुसार एतद् द्वारा सभी संबंधित हितबद्ध व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन इसके द्वारा कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग क्रमांक 1 सिवनी जिला सिवनी को संबंधित भूमि के संबंध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-12 में दी गई शक्तियों के प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है।

अर्जित की जाने वाली प्रस्तावित भूमि के संबंध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-6 के अंतर्गत सिंचाई परियोजनाओं की बाबत् जहां तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के उपबंधों के अधीन पर्यावरणीय समाघात निर्धारण की प्रक्रिया की अपेक्षा की जाती है। इस अधिनियम के समाघात निर्धारण उपबंध लागू नहीं होंगे। उपरोक्त के संबंध में पर्यावरण एवं वन मंत्रालय भारत सरकार भोपाल द्वारा दिनांक 17.04.2015 को स्वीकृति प्रदान की गई है। अत: अधिनियम की धारा 11 (3) के अंतर्गत सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट का सारांश प्रकाशित नहीं किया जा रहा है। अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि का विवरण निम्नानुसार है :-

1. ग्राम का ना :- ढुटई — ब.नं.- 4 — प.ह.नं. :- 2
2. रा.नि.मं. :- चमारी खुर्द — तहसील- छपारा — जिला- सिवनी
3. अर्जन हेतु प्रस्तावित क्षेत्रफल :- 2.33 हेक्टेयर

| स. क्र. | सर्वेक्षण क्रमांक | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (हे. में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम और पता | सीमाएं उत्तर | सीमाएं दक्षिण | सीमाएं पूर्व | सीमाएं पश्चिम | वृक्ष किस्म | वृक्ष सख्या | संरचनाएं प्रकार | संरचनाएं पिलथ एरिया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | 3 | भूमि स्वामी | कृषि | 0.01 | सुम्मा पिता रामसिंह गोंड सिवनी | सुम्मा पिता रामसिंह | सुम्मा पिता रामसिंह | चतुर्भुज पि. झनकू | सुम्मा पिता रामसिंह | - | - | - | - |
| 2 | 2/3 | भूमि स्वामी | कृषि | 0.06 | चतुर्भुज पिता झनकू गोंड सिवनी निवासी ग्राम भूमिस्वामी | मकराम पिता मनक | चतुर्भुज पि. झनकू | किसन पि. झनकू | सुकरती पत्नि गुलाब | - | - | - | - |
| 3 | 2/6 | भूमि स्वामी | कृषि | 0.07 | किसन पि. झनकू गोंड सिवनी निवासी ग्राम भूमिस्वामी | किसन पि. झनकू | दयाराम पिता मनक | मकराम पिता रामसिंह | चतुर्भुज पि. झनकू | - | - | - | - |
| 4 | 2/4 | भूमि स्वामी | कृषि | 0.06 | किसन पि. झनकू गोंड सिवनी निवासी ग्राम भूमिस्वामी | किसन पि. झनकू | किसन पि. झनकू | किसन पि. झनकू | दयाराम पिता मनक | - | - | - | - |
| 5 | 2/13 | भूमि स्वामी | कृषि | 0.13 | किसन पि. झनकू रामवती असरवती चतुर्भुज पिता झनकू गोंड सिवनी निवासी ग्राम भूमिस्वामी | किसन पि. झनकू | किसन पि. झनकू | दयाराम पिता मनक | किसन पि. झनकू | - | - | - | - |
| 6 | 2/14 | भूमि स्वामी | कृषि | 0.10 | मंदो सुकत पिता फतेह सिंह सुखमान झिन्ना सुकमनी पिता बिरझू बडडू छुटटो आनारो पिता सुखचंद गोंड | किसन पि. झनकू | किसन पि. झनकू | श्रीराम पि. सतेलाल | किसन पि. झनकू | - | - | - | - |
| 7 | 4 | भूमि स्वामी | कृषि | 0.15 | श्रीराम रूसमान भुजल सुकमान रूपवती सुन्दो बेवा सतेलाल बलीराम असियाबाई असरती पि. बतेलाल बतनिया बेबा टीका गोंड ढुंटई | श्रीराम पि. सतेलाल | श्रीराम पि. सतेलाल | रामप्यारी पत्नि गनाराम | किसन पि. झनकू | - | - | - | - |
| 8 | 9 | भूमि स्वामी | कृषि | 0.39 | रामप्यारी पत्नि गनाराम आशाराम पि. गनाराम गोंड सिवनी | रामप्यारी पत्नि गनाराम | रामप्यारी पत्नि गनाराम | रास्ता | श्रीराम पिता सतेलाल | - | - | - | - |
| 9 | 16/2 | भूमि स्वामी | कृषि | 0.31 | आसवती बेबा धनउबा सीता सुनीता सुनील पि. धनउबा गोंड सिवनी | आसवती बेबा धनउबा | आसवती बेबा धनउबा | बराती पि. धनूलाल | रास्ता | - | - | - | - |
| 10 | 19 | भूमि स्वामी | कृषि | 0.08 | मेहतर मोहरसी पंचलाल हुलिया पि. सिपतलाल सुकरती बेबा सहतर लक्ष्मण (ना.बा.) पिता सहतर संरक्षक सरस्वती बेबा नन्हेलाल चंदरसी पि. नन्हेलाल | मेहतर पि. सिपतलाल | मेहतर पि. सिपतलाल | भू जल पानी के नीचे | बराती पि. धनूलाल | - | - | - | - |
| 11 | 34/1 | भूमि स्वामी | कृषि | 0.19 | नुखिया पुत्री उमेदा गोंड ढुटई | नुखिया पुत्री उमेदा | नुखिया पुत्री उमेदा | जीरोबाई पुत्री | कृष्णा पि. उमेदा | - | - | - | - |
| 12 | 36/1 | भूमि स्वामी | कृषि | 0.21 | नुखिया पुत्री उमेदा गोंड ढुटई | नुखिया पुत्री उमेदा | नुखिया पुत्री उमेदा | गनपत पुत्री रम्मूलाल | कृष्णा पि. उमेदा | - | - | - | - |
| 13 | 34/2 | भूमि स्वामी | कृषि | 0.11 | कृष्णा पि. उमेदा गोंडा ढुटई | कृष्णा पि. उमेदा | कृष्णा पि. उमेदा | नुखिया पुत्री उमेदा | भूजल पानी के नीचे | - | - | - | - |
| 14 | 36/2 | भूमि स्वामी | कृषि | 0.05 | | कृष्णा पि. उमेदा | कृष्णा पि. उमेदा | नुखिया पुत्री उमेदा | नुखिया पुत्री उमेदा | - | - | - | - |
| 15 | 37/1 | भूमि स्वामी | कृषि | 0.15 | जीरोबाई पुत्री हरलाल गोंड सिवनी | कृष्णा पि. उमेदा | कृष्णा पि. उमेदा | बल्लू पि. मानसिंह | नुखिया पुत्री उमेदा | - | - | - | - |
| 16 | 2/5 /3 | भूमि स्वामी | कृषि | 0.06 | दयाराम पि. मनक गोंड ढुटई | किसन पि. झनकू | दयाराम मनक | किसन पि. झनकू | किसन पि. झनकू | - | - | - | - |
| 17 | 16/ 1/1 | भूमि स्वामी | कृषि | 0.20 | बराती पि. धन्नूलाल गोंड ढुटई | बराती पि. धन्नूलाल | बराती पि. धन्नूलाल | मेहतर पि. सिपतलाल | आसवती पि. धनउबा | - | - | - | - |
| | | | | 2.33 | | | | | | | | | |

1. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं भू-अर्जन अधिकारी सिवनी जिला सिवनी के कार्यालय में किया जा सकता है।
2. अर्जित की जाने वाली उपरोक्त प्रस्तावित भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय कार्यपालन यंत्री, भीमकुण्डी परियोजना नहर संभाग सिवनी तहसील छपारा जिला सिवनी के कार्यालय में किया जा सकता है।
3. अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई भी व्यक्ति कलेक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना किसी ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से भूमि का कोई भी संव्यवहार नहीं करेगा या कोई भी संव्यवाहर नहीं होने देगा अर्थात क्रय /विक्रय आदि नहीं करेगा या ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगम सूचित नहीं करेगा।
4. अधिनियम की धारा- 15 के अधीन यथा उपबन्धित इस अधिसूचना प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर कोई भी व्यक्ति द्वारा भूमि अर्जन के बारे में कलेक्टर के समक्ष अक्षेप आदि कोई हो फाइल किये जा सकेंगे।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
कलेक्टर सिवनी एवं पदेन उपसचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला सिवनी (म.प्र.)

जी-11319/23

## नेपानगर में हुई घटना के लिए कांग्रेस की समिति बनी

# भाजपा ने बदले बालाघाट और धार जिला अध्यक्ष

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश कांग्रेस ने बुरहानपुर के नेपानगर क्षेत्र में आदिवासियों, पुलिस और वन विभाग के कर्मचारियों के बीच हुई घटना की जांच के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने छह सदस्यीय समिति बनाई है। यह घटना स्थल का दौरा करेगी और ग्रामीणों से बात करके रिपोर्ट बनाएगी और प्रदेश कांग्रेस को देगी। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि पिछले दिनों वन विभाग की टीम ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया था। इन पर वन विभाग के पौधारोपण को अतिक्रमण की नीयत से नुकसान पहुंचने का आरोप था।आदिवासियों ने थाने पर



हमला करके आरोपितों को छुड़ा लिया था।इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अतिक्रमणों का हटा दिया। इस पूरी घटना की जांच के लिए वरिष्ठ नेता कांतिलाल भूरिया, प्रताप ग्रेवाल, झूमा सोलंकी, सचिन यादव, बुरहानपुर जिले के प्रभारी कैलाश कुंडल और प्रदेश कांग्रेस की उपाध्यक्ष अर्चना जायसवाल की समिति गठित की है।सभी सदस्य साथ जाकर वस्तुस्थिति पता लगाएंगे।उधर, प्रदेश कांग्रेस ने मीडिया विभाग का विस्तार करते हुए तीन उपाध्यक्ष, चार प्रवक्ता और दो संभागीय प्रवक्ताओं की नियुक्ति और की है। विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा ने बताया कि अवनीश बुंदेला (भोपाल), संतोष सिंह गौतम (इंदौर) और आर.पी. सिंह (ग्वालियर) को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया है। वहीं, शहरयार खान (भोपाल), प्रवीण धौलपुरे (भोपाल), नीलाभ शुक्ला (इंदौर) और अमीनुल खान सूरी (इंदौर) को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है। अमित चौरसिया (इंदौर) और शिवम शुक्ला (सिंगरौली) संभागीय प्रवक्ता होंगे। दूसरी ओर भाजपा ने मंगलवार को दो जिला अध्यक्ष बदल दिए। बालाघाट में रमेश भटेरे के स्थान पर सत्यनारायण अग्रवाल को जिला अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, धार में राजीव यादव के स्थान पर मनोज सोमानी को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है।बालाघाट और धार के पूर्व जिला अध्यक्षों को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने प्रदेश कार्यकारिणी का सदस्य बनया है।



## नवनियुक्त शिक्षकों को पीएम मोदी ने दिया सक्सेस मंत्र

# सीएम शिवराज ने की बड़ी घोषणा

■ भोपाल, यशभारत।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज प्रदेश के नवनियुक्त शिक्षकों से संवाद करते हुए उन्हें बेहतर कार्य करने का प्रशिक्षण दिया। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मुख्यमंत्री निवास में नवनियुक्त शिक्षकों का सम्मेलन आयोजित किया गया। सुबह दस बजे शुरू हुए नवनियुक्त शिक्षकों के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम स्कूल शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों के अलावा प्रदेशभर से बड़ी संख्या में नवागत शिक्षक पहुंचे। इस कार्यक्रम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली जुड़े और उन्होंने नवागत शिक्षकों को अपने शैक्षणिक जीवन में उत्तम कार्य करने का सारगर्भित संदेश दिया। इससे पहले कार्यक्रम के दौरान कुछ शिक्षकों को सीएम शिवराज ने प्रतीकस्वरूप नियुक्ति पत्र भी सौंपे। सीएम शिवराज ने शिक्षकों के साथ संवाद करते हुए उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

सीएम शिवराज ने नवनियुक्त शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि मुझे वक्ता बनाने में किसी का योगदान है, तो मेरे गुरु का है। एक गुरु, महापुरुषों की श्रृंखला खड़ी कर सकता है। यहां सीएम शिवराज ने नवनियुक्त शिक्षकों के हित में एक बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि मैं पिछली सरकार की गलती को सुधार रहा हूं। अब सभी शिक्षकों को पहले साल में 70 फीसदी और दूसरे साल से 100 फीसदी वेतन दिया जाएगा।

प्रदेश में 16 हजार 427 प्राथमिक, तीन हजार 800 माध्यमिक और दो हजार 234 उच्च माध्यमिक श्रेणी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए।

# जिला पंचायत अध्यक्षों का बढ़ेगा मानदेय, राष्ट्रीय पर्व पर करेंगे ध्वजारोहण

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश के जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के मानदेय में सरकार वृद्धि करेगी। साथ ही राष्ट्रीय पर्व पर जिलों में ध्वजारोहण भी करेंगे। 15वें वित्त आयोग और मनरेगा के कामों को छोड़कर शेष कार्यों की स्वीकृति जिला पंचायत अध्यक्ष देंगे।



मंगलवार को पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेंद्र सिंह सिसौदिया के साथ जिला पंचायत अध्यक्षों की बैठक में इन मांगों पर सहमति बनी। बुधवार को जिला पंचायत अध्यक्षों की मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ बैठक होगी, जिसमें अंतिम निर्णय होगा।जिला पंचायत अध्यक्ष संघ के अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत के नेतृत्व में पंचायत अध्यक्षों ने मंगलवार को ग्रामीण विकास मंत्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया से भेंटकर मानदेय में वृद्धि सहित अन्य मांगें रखीं।इन पर सहमति जताते हुए विभागीय मंत्री ने कहा कि वित्त और सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित मांगों को अनुमोदन के साथ मुख्यमंत्री को भेजा है। वे संवेदनशील हैं और सभी न्यायोचित मांगें पूरी की जाएंगी। मानदेय और वाहन भत्ता भी बढ़ाया जाएगा। उन्होंने राष्ट्रीय पर्व पर जिला पंचायत अध्यक्षों को ध्वाजारोहण करने का अवसर देने की मांग पर सैद्धांतिक स्वीकृति दी। साथ ही कहा मनरेगा एवं 15 वें वित्त आयोग के कार्यों को छोडकर शेष सभी कार्यों की स्वीकृति जिला पंचायत अध्यक्ष से लेने की व्यवस्था को बनाया जाएगा।बैठक के बाद मंत्री ने बताया कि जिला पंचायत अध्यक्षों-उपाध्यक्षों की सभी मांगों पर विचार किया गया है। इस संबंध में बुधवार को मुख्यमंत्री से मुलाकात कर मांगों पर चर्चा करके अंतिम रूप दिया जाएगा।

# शहर में प्लाट और मकान बेचने बीडीए अगले माह लगाएगा आवास मेला

■ भोपाल, यशभारत।

राजधानी में नगर निगम के बाद अब भोपाल विकास प्राधिकरण अपनी संपत्तियों को बेचने के लिए आवास मेले का आयोजन करने जा रहा है। यह मेला 15 मई को लगेगा। इसके लिए बीडीए आध्यक्ष कृष्ण मोहन सोनी ने मंगलवार को एयरोसिटी आवासीय परियोजना का निरीक्षण किया। सोनी ने यहां चल रहें विकास कार्य का मुआयना करते हुए प्रोजेक्ट को जल्द पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बता दें कि वर्तमान में बीडीए एयरो सिटी योजना के अंतर्गत एयरो रेसीडेंसी में 122 डुप्लेक्स एवं 272 ईडब्ल्यूएस फ्लैटस निर्माणाधीन है। साथ ही सीबीएससी मुख्ययालय और पावर ग्रिड कार्पोरेशन के लोड डिस्पेच सेन्टर और स्टाफ क्वार्टर्स के लिए चिह्नित जमीन का भी निरीक्षण किया। सोनी ने बताया कि आवास मेले के दौरान रेडी पजेशन प्रापर्टी का आधिपत्य भी सौंपा जाएगा। उधर, नगर निगम शहर को सुअर मुक?त बनाने के लिए नई पहल कर सकता है। ननि अध्यक्ष अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी अपने कार्यकाल की शुरूआत से ही शहर को सुअर मुक?त बनाने की दिशा में सक्रिय हैं। अब उन्होंने शहर को पिग फ्री बनाने के लिए शूटर रखने की बात कही है। मंगलवार को सूर्यवंशी ने स्पष्ट तौर पर कहा कि यदि पिग फ्री शहर बनाने में इनके व्यवसायियों ने सहयोग नहीं किया तो निगम पिग शूटर रखेगा, जो कि निगम के नियमों के तहत होगा।

# मध्य प्रदेश में एक लाख से अधिक सरकारी पदों पर भर्ती की प्रक्रिया अक्टूबर तक पूरी होगी




■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश में रिक्त एक लाख 16 हजार सरकारी पदों पर भर्ती प्रक्रिया सितंबर-अक्टूबर 2023 तक पूरी हो जाएगी। राज्य लोक सेवा आयोग और कर्मचारी चयन मंडल के माध्यम से 50 हजार 349 पदों के लिए भर्ती परीक्षा हो चुकी है। 40 हजार 921 के परिणाम घोषित हो गए हैं। 28 हजार 996 पदों के विज्ञापन जारी कर दिए गए हैं और नौ हजार 73 पदों के लिए भर्ती हो रही है। उधर, बुधवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 22 हजार 461 चयनित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। आठ हजार शिक्षकों की भर्ती मई में होगी।

सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न विभागों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के 99 हजार 589 रिक्त पद चिन्हित किए गए हैं। निगम, मंडल व अन्य संस्थाओं में 16 हजार 811 पद रिक्त हैं। राज्य लोक सेवा आयोग के माध्यम से पांच हजार 553 और कर्मचारी चयन मंडल 90 हजार 320 पदों की भर्ती के लिए प्रक्रिया की जा रही है। शेष पदों के लिए संबंधित विभागों को भर्ती प्रस्ताव एजेंसियों को भेजने के निर्देश दिए गए हैं। आरक्षक, पैरामेडकिल स्टाफ सहित अन्य संवर्ग के चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं। बुधवार को 16 हजार 427 प्राथमिक, तीन हजार 800 माध्यमिक और दो हजार 234 उच्च माध्यमिक श्रेणी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री आवास में राज्य स्तरीय कार्यक्रम होगा, जिसमें मुख्यमंत्री नवनियुक्त शिक्षकों से संवाद करेंगे।

उधर, सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों से पूछा है कि आउटसोर्स पर कितने कर्मचारियों की भर्ती की है। इसमें उन्हें 15 अगस्त 2022 के बाद तीन या उससे अधिक वर्षों के लिए की गई भर्ती की जानकारी देनी है। उधर, वित्त विभाग ने विशिष्ट कार्यों के लिए चतुर्थ श्रेणी के पदों को आउटसोर्स के माध्यम से भरने के नीति निर्देश भी जारी कर दिए हैं। इसमें विभागाध्यक्ष आउटसोर्स एजेंसियों के माध्यम से चिन्हित पदों पर भर्ती करेंगे। यह व्यवस्था तक तक रहेगी जब तक योग्य अभ्यर्थियों की नियुक्त नहीं हो जाती है। रिक्त पदों की पूर्ति नियमित पद से होने पर आउटसोर्स की सेवाएं तत्काल समाप्त कर दी जाएं।



# गर्मी को लेकर अलर्ट हुआ भेल नगर प्रशासन व सीआइएसएफ का फायर

■ भोपाल, यशभारत।

गर्मी का सीजन शुरू हो गया है। इस सीजन में आगजनी की घटनाएं बढ़ जाती हैं। इसे देखते हुए भेल नगर प्रशासन व सीआएसएफ फायर अमला भी अलर्ट हो गया है। आगजनी की घटना होने पर तत्काल फायर बिग्रेड अमला पहुंच जाता है और समय पर आग बुझाने का काम करता है।कुछ ऐसा ही नजारा भेल में मंगलवार को देखने को मिला। दरअसल भेल के प्रशासनिक भवन में पांचवी मंजिल स्थित कार्यालय के एक कमरे में मंगलवार शाम करीब 4.15 पर खिड़की पर आग लग गई। आग एसी में शार्ट सर्किट के कारण लगी थी। कर्मचारियों ने इस घटना की सूचना तत?काल सीआइएसएफ के अग्निशमन दस्ते को दी। सूचना मिलते ही अग?निशमन दस?ता मौके पर पहुंचा और कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में किसी भी तरह की हानि नहीं हुई। यदि समय पर अमला नहीं पहुंचता तो प्रशासनिक भवन में बड़ी आग लग जाती। इससे पहले भी गर्मियों में भेल में आग लगने की घटनाएं हुई हैं, लेकिन भेल के सीआइएसएफ के अमले के अलर्ट होने से तत्काल आग बुझाई गई हैं। भेल के प्रवक्ता विनोदानंद झा ने बताया कि गर्मी को देखते हुए सीआइएसफ का फायर बिग्रेड अमला सर्तक है। आगजनी की घटना कारखाने में कहीं भी न हो, इसके लिए पूरी सतर्कता बरती जा रही है।

## जहां टेंट लगाकर बेची शराब

# वहीं नगर निगम ने दे दी दुकान बनाने की अनुमति

■ भोपाल, यशभारत।

जिले में शराब दुकानों को लेकर लंबे समय से विरोध चला आ रहा है। इसी वजह से शहर की कुछ दुकानों को बंद कर दिया गया था अब उनके लिए नगर निगम द्वारा नई जगह दी जा रही है। इससे पहले ही शराब ठेकेदारों ने अपनी मर्जी से टेंट लगाकर शराब दुकान बेचना शुरू कर दी है। दरअसल कोहेफिजा में स्टेट बैंक चौराहा से शराब दुकान को बंद कर दिया था, जिससे ठेकेदार ने ब्रिज के नीचे टेंट लगाकर शराब बेचना शुरू कर दिया था। नगर निगम दुकान के लिए जगह की तलाश कर रहा था, लेकिन कहीं नहीं मिली तो निगम ने ब्रिज के नीचे ही शराब दुकान खोलने की अनुमति दे दी है।बताया जा रहा है कि टेंट लगाकर शराब बेच रहे ठेकेदार को नगर निगम से अनुमति मिलने के बाद उसने लोहे की चादर का मजबूत शेड बनाना शुरू कर दिया है। इतना ही नहीं, वहां पर सीमेंट, गिट्टी के साथ पत्थर तक लगाए जा रहे हैं। यहां शराब दुकान बनने के साथ ही शराब भी बेची जा रही है। जब मौके पर पहुंचकर नवदुनिया ने शराब दुकान पर मौजूद कर्मचारियों से पूछा तो उन्होंने बताया कि निगम ने जगह दी है।




## जेल अधीक्षक की कुर्सी पर विराजे कथावाचक

# अनिरुद्धाचार्य, तस्वीर वायरल

■ भोपाल, यशभारत।

पिछले दिनों एक करोड़ रुपये की फिरौती न देने पर बम से उड़ाने की धमकी मिलने को लेकर सुर्खियों में रहे कथावाचक अनिरुद्धाचार्य एक बार फिर चर्चाओं में हैं।




इस बार उनके सुर्खियों में रहने का सबब बना है एक फोटो, जिसमें वह भोपाल सेंट्रल जेल अधीक्षक की कुर्सी पर बैठे नजर आ रहे हैं। उनका यह फोटो इंटरनेट मीडिया में वायरल होने के बाद लोग इसे लेकर तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। दरअसल कथावाचक अनिरुद्धाचार्य आठ अप्रैल को भोपाल सेंट्रल जेल में प्रवचन करने पहुंचे थे। जेल अधीक्षक राकेश भांगरे उन?हें अपना गुरु मानते हैं और उन?हीं के आग्रह पर अनिरुद्धाचार्य इंदौर से आकर वहां पहुंचे थे। यहां पर बंदियों के अलावा जेल के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी उनके प्रवचन सुने। बताया जाता है कि इसके उपरांत जेल अधीक्षक के आग्रह पर कथावाचक अनिरुद्धाचार्य उनके कक्ष में भी गए। वहां पहुंचकर वह जेल अधीक्षक के निवेदन पर उनकी कुर्सी पर जाकर बैठ गए। इसी दौरान किसी ने उनकी यह तस्वीर ली, जो अब इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रही है।अब लोग उनके इस कृत्य को शासकीय नियमों के विरुद्ध बताते हुए तरह-तरह की चचाएं कर रहे हैं।

## 75 प्रतिशत टीआइ होंगे शहर से बाहर

# पूरा कर चुके तीन साल का कार्यकाल

■ भोपाल, यशभारत।

पुलिस आयुक्त नगरीय पुलिस के करीब 75 फीसदी इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी जिले से बाहर होंगे। वह पुलिस मुख्यालय के तीन साल के नियम के दायरे में आ गए हैं। उसके लिहाज से अब कमिश्नरी में नए थाना प्रभारियों की तैनाती को लेकर जमावट शुरू हो गई है। इसको लेकर पुलिस कमिश्नर ने निर्देश दे दिए हैं।बता दें कि राजधानी के 38 पुलिस थानों के साथ पुलिस में पदस्थ करीब 75 फीसदी ऐसे इंस्पेक्टरों को जिले से बाहर करने की पीएचक्यू में तैयारी हो रही है, जो तीन साल या इससे अधिक समय से जिले में पदस्थ है। इस नियम के दायरे में कमिश्नरी के अधिकांश थानों में तैनात इंस्पेक्टर रैंक के थानाप्रभारी आ गए हैं। उनको बदलने की तैयारी अब कमिश्नरी में शुरू हो गई है। इस कमला नगर टीआइ अनिल वाजपेई का नाम सबसे ऊपर है। इन्हें जिले में करीब छह साल का समय हो चुका है। वह कोलार, कोहेफिजा और जहांगीराबाद थाना प्रभारी रह चुके हैं। इस दौरान एक बार इनका तबादला जिले से बाहर हुआ, लेकिन शासन ने किसी कारण उसे निरस्त कर दिया गया। उनके साथ अयोध्या नगर थाना नीलेश अवस्थी 2013 में भोपाल जिले में तैनात हैं। वह गुनगा, गांधीनगर, आनंद नगर चौकी थाना प्रभारी रह चुके हैं।इधर, हनुमानगंज थाना प्रभारी महेंद्र ठाकुर शहर में सबसे अच्छा थाना माने जाने वाले इस थाने में तैनाती के चार साल पूरे करने जा रहे हैं। उन्होंने लंबे समय तक हनुमानगंज थाने में एक साथ तैनाती का रिकार्ड कायम कर लिया है। इस समय वह प्रदेश के ग्वालियर, जबलपुर, इंदौर और भोपाल को मिलाकर किसी महानगर में एक साथ चार साल तक एक ही थाने में तैनाती में सबसे आगे हैं। मंगलवारा थाना प्रभारी संदीप पवार, बागसेवनिया टीआइ संजीव चौकसे, टीटीनगर थाना प्रभारी चैन सिंह रघुवंशी, बैरागढ़ थाना प्रभारी डीपी सिंह, कोतवाली टीआइ एलडी मिश्रा, निरीक्षक चंद्रकांत पटेल, निरीक्षक सुदेश तिवारी, एमपीनगर थाना प्रभारी सुधीर अरजरिया, पिपलानी टीआइ अजय नायर, क्राइम ब्रांच टीआइ अनूप उईके, अजिता नायर, अरेरा हिल्स टीआइ आरके सिंह, श्यामला हिल्स टीआइ उमेश यादव, गौतम नगर टीआइ जहीर खान, शाहजहांनाबाद टीआइ सौरभ पांडे, इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह चौहान समेत कुछ अन्य टीआइ शामिल है।



# मध्य प्रदेश में अब तक 83 लाख लाड़ली बहनों ने भरे आवेदन, 13 अप्रैल को बड़वानी में होगा सम्मेलन

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश में लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत अभी तक 83 लाख बहनों ने आवेदन भरे हैं। 13 अप्रैल को बड़वानी जिले के निवाली में लाड़ली बहना सम्मेलन होगा। इसकी तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को वीडियो काफ्रेंस के माध्यम से कलेक्टर से जानकारी ली। सम्मेलन में लगभग 150 करोड़ रुपये की लागत के कार्यों का लोकार्पण भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि लाड़ली बहना सम्मेलन के साथ विभिन्न विभागों के विकास कार्यों की प्रदर्शनी, श्रेष्ठ कार्य करने वालों का सम्मान, हितग्राहियों को हित लाभ वितरण, सीएम फैलो, जन सेवा मित्रों की भागीदारी से कार्यक्रम व्यवस्थित रूप से किया जाए।वहीं, 19 अप्रैल को हरदा जिले के टिमरनी में हितग्राही सम्मेलन, भू-अधिकार योजना हितग्राहियों को लाभान्वित करने और विभिन्न कार्यों के लोकार्पण और भूमि-पूजन होगा। इसके संबंध में कलेक्टर हरदा से तैयारियों की जानकारी ली गई।

# राजमार्गों पर भी हो रहा अतिक्रमण, कैसे हो सुरक्षित परिवहन

■ भोपाल, यशभारत।

राजधानी में सरकारी जमीन ही नहीं, बायपास और राजमार्ग भी अतिक्रमण की चपेट में आ चुके हैं, जहां हादसे हो रहे हैं और लोगों को जान तक गंवानी पड़ रही है। सोमवार को भोपाल बायपास के जगदीशपुर तिराहे पर अतिक्रमण के कारण एक व्यक्ति की जान चली गई। तब भी हालत नहीं बदले। मंगलवार को उसी स्थान पर जाम लगा के हालत बनते रहे। जिम्मेदारों ने हाल तक नहीं जाना कि आखिर हादसे की वजह क्या थी? और उसे कैसे दूर किया जा जाए। असल बात यह है कि जिले में सड़कों के किनारे अतिक्रमण करना आम बात हो गई है। निगम और प्रशासन के अधिकारियों की चुप्पी के कारण अतिक्रमणकारी बेखौफ होकर कब्जा जमा रहे हैं। ये सड़कों के किनारे अवैध दुकानें, ठेले लगाते हैं तो कुछ



वाहन खड़े कर देते हैं। इससे सड़क किनारे पैदल चलने वालों के लिए जगह नहीं बची है तो दूसरी तरफ आमजन को जान जोखिम में डालकर परिवहन करना पड़ रहा है। दरअसल अतिक्रमण सहित पसरी तमाम अव्यवस्थाओं की वजह से आए दिन इन बायपास और राजमार्ग पर हादसे बढ़ते जा रहे हैं। जिनमें लोग अपनी जान तक गवां रहे हैं, फिर भी इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शहर के पास 11 मील से खजूरी सड़क तक बनाए गए 52 किलोमीटर के भोपाल बायपास पर भी हालत काफी खराब हैं। यहां पर चौक- चौराहों पर चारों तरफ अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। 11 मील से टोल नाके तक दोनों तरफ रेत के डंपर, ट्रक चौबीस घंटे सड़क को घेरे खड़े रहते हैं। इसके आगे रापड़िया जोड़, बर्रई जोड़, सूखीसेवनिया जोड़, जगदीशपुर जोड़ और बैरसिया जोड़ सहित आगे तक अतिक्रमण पसरा हुआ है। मनमर्जी से लोग दुकानें सजाते जा रहे हैं। ठेले वालों का अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। इसके अलावा शहर के जेके रोड, रायसेन रोड, नर्मदापुरम रोड, रातीबड़ रोड, परवलिया सड़क, बैरसिया रोड आदि पर भी यही हाल बना हुआ है।

रहवासी बोले, निकलना होता है मुश्किल

भोपाल बायपास जगदीशपुर चौराहे से निकला है। यहां पर चारों तरफ अतिक्रमण

## अयोध्या बायपास का हाल सर्वाधिक बेहाल

शहर से सटे प्रमुख मार्ग अयोध्या बायपास का हाल यह है कि यहां पिछले पांच साल में तेजी से खेती की जमीन के आवसीय होते ही कालोनियां विकसित हो रही हैं। साथ ही इस सड़क के दोनों तरफ किनारे अतिक्रमण भी बढ़ता जा रहा है। चाट-चाऊमीन, नाश्ते आदि के ठेले, गन्ने की दुकान, सब्जी की दुकान आदि दिनभर लगे रहते हैं। वहीं इस मार्ग से तेज रफ्तार ट्रक सहित अन्य भारी वाहन गुजरते हैं। ऐसे में सड़क किनारे लगी इन दुकानों की वजह से भीड़ होती है और आमजन को परिवहन में दिक्कत होती है। कभी-कभी जाम लग जाता है तो कभी बड़ा हादसा तक हो जाता है। बावजूद इसके स्थानीय थाना पुलिस, एसडीएम और नगर निगम अमले द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। यही हाल करोंद चौराहे से गांधी नगर जाने वाले जेल रोड का भी है।

# नगर में नहीं थम रही घटनाएं बैंक ऑफ बड़ौदा में एक व्यक्ति के 50 हजार अज्ञात चोर ने कर दिए पार

## थैला काटकर गायब किया पैसा



**गाडरवारा, यश भारत।** नगर पूर्व में केफ़री बैंक में दिन दहाड़े हुई लूट की घटना अभी चर्चाओं से खत्म नही हुई वही नगर के एक और बैंक में हुई चोरी की घटना कहि न कही स्थानीय बैंक प्रबंधन की सुरक्षा पर सवालियां निशान लगाता नजर आता है कैसे आमजन बैंक में पैसे लेनदेन करने में सुरक्षा महसूस करेगा आमजन अपना जमा पूंजी को जमाकर राहत महसूस करते है परंतु अब जमापूंजी को बैंक लेजाकर सबसे बड़ी असुरक्षा का सामना करना है दिन के समय बैंक ऑफ बड़ौदा में एक हितग्राही का थैला काटकर अज्ञात चोर ने 50 हजार रुपया पार कर दिए द्य घटना गुरुवार की है समीपस्थ ग्राम अमोदा निवासी खुमान सिंह पटेल बैंक ऑफ बड़ौदा गया और उसने 3 लाख 10 हजार रुपए निकाले वहा पैसा किसी को देना था लेकिन वह नहीं मिला थोड़ी देर बाद खुमान सिंह पटेल बैंक पहुंचा और उसने 2 लाख 20 हजार रुपए बैंक में दो नंबर काउंटर पर जमा किए जमा करने के उपरांत बची राशि मैं से बाजू में खड़े हुए किसी अज्ञात व्यक्ति ने ब्लड के द्वारा छैला काटकर उसमें से 200 रुपए की दो गड्डियां एवं100 रुपए की एक गड्डी चोरी हो गई है उसने तत्काल बैंक के अधिकारियों को बताया और उसके बाद पुलिस थाने पहुंचकर उसने इस घटना की सूचना दी तुरंत ही पुलिस उसके साथ बैंक पहुंची और बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगालने का काम कर अज्ञात चोर की पतासाजी में लग गई है द्य गाडरवारा पुलिस प्रशासन को बैंकों के आसपास भी सुरक्षा घेरा कुछ समय के लिए तो मजबूत करना होगा क्योंकि चंद दिनों में 2 घटनाएं अपराधियों के बुलन्द हौसलों को दर्शाता नजर आरहा है।



# खरीदी केंद्रों का एसडीएम ने किया निरीक्षण

## अनियमितता पाए जाने पर थमाया नोटिस

**गोसलपुर, यशभारत।** सिहोरा तहसील के अंतर्गत शासन द्वारा स्थापित गेहूं उपार्जन केंद्रों में संचालित खरीदी व्यवस्था व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने मंगलवार को सिहोरा की नवागत एसडीएम सृष्टि प्रजापति ने घुघरी रोड स्थित सिद्धि वेयरहाउस खिन्नी रोड स्थित संस्कार वेयरहाउस एवं नमो श्री वेयरहाउस का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान संस्कार वेयर हाउस एवं नमो श्री वेयरहाउस में अनियमितता पाए जाने पर वेयरहाउस संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तत्काल जवाब प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है आपको बता दे यहाँ पर किसानों की अधिक मात्रा में गेहूं की उपज की तुलाई होने साथ ही खरीदी केंद्र में किसानों हेतु बैठने की पर्याप्त व्यवस्था छाया पानी की व्यवस्था पंखा ब्लोअर इत्यादि की व्यवस्थाएं ना पाए जाने के चलते कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है साथ ही किसानों को पर्याप्त सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए गए हैं इस मौके पर हल्का पटवारी नीरज कुररिया व अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

# प्रदीप तिवारी बने सहायक उपनिरीक्षक



**गोसलपुर, यशभारत।** पुलिस थाना गोसलपुर में पदस्थ रहे प्रधान आरक्षक प्रदीप तिवारी हाल ही में जारी गृह मंत्रालय द्वारा पदोन्नति सूची में सहायक उपनिरीक्षक के पद में पदोन्नत हुए इस अवसर पर गोसलपुर थाना प्रभारी अनिल मिश्रा ने स्टार लगाकर उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दी इस मौके पर थाने का समस्त स्टाफ मौजूद था।

# झोला छाप डॉक्टरों का डेरा

**नगर व ग्रामीण जनता भारी भरकम फीस में लुटने को मजबूर।**

**गोटेगांव में प्रतिदिन आ रहे बाहर के डॉक्टर शहर बन गया नागपुर ।**

**डिग्री धारी डॉक्टरों के रजिस्ट्रेशन की नहीं हो रही जांच।**

- शासन द्वारा इनकी नहीं होती जांच।
- डिग्री की जांच होना जरूरी



**गोटेगांव, यशभारत।** नगर में प्रायः देखा जा रहा है कि प्रतिदिन नए नए डिग्रीधारी स्पेशलिस्ट्स डॉक्टरों की आवाजाही बनी हुई है जिसका बाकायदा अनाउंसमेंट भी होता है।हफ्ते में सातों दिन कई प्रकार की बीमारियों के स्पेशलिस्ट डॉक्टर आते हैं जिनकी भारी भरकम फीस के आगे गोटेगांव और आसपास की ग्रामीण जनता नतमस्तक हो लुट रही है परन्तु किसी भी जबाबदार अधिकारी को इन डॉक्टरों के लाइसेंस और डिग्री चैक करने की फुर्सत ही नहीं है।प्रायवेट प्रैक्टिस करते हुये ये डॉक्टर जनता से अच्छी मोटी फीस तो ले लेते है जिससे इनकी दुकानदारी बेहतर चल रही है परन्तु मरीज़ों को आराम की गारंटी मिलना मुश्किल ही नहीं टेढ़ी खीर भी है।जब नगर एवं ग्रामीण जनता सब कुछ इन झोला छापों में गवां बैठती है फिर जनता नागपुर का रुख करती है जिससे बीमार मरीज की स्थिति काफी डावांडोल हो जाती है और फिर बीमारी में आराम भी नहीं लगता है।नगर में इन स्पेसलिस्ट बाहरी डॉक्टरों का आना और इनकी भारी भरकम फीस नगर में जनचर्चा का विषय बनता जा रहा है इनके डाक्यूमेंटों की जांच और रजिस्ट्रेशन की जांच भी हो।नरसिंहपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा मध्यप्रदेश के जबाबदार अधिकारियों से इन डॉक्टरों की कुंडलियों की जांच कर जनता को होने वाले नुकसान व भारी भरकम फीस से राहत देने की मांग नगर के नागरिकों द्वारा की जा रही है।आखिर गोटेगांव में ही क्यों आ रहे हैं बाहरी डॉक्टर जो कि जनचर्चा बनती जा रही है।शासन ध्यान दे।

# 14 को डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह

**पनागर, यशभारत।** जबलपुर जिला ग्रामीण कांग्रेस अनुसूचित जाति एवं ब्लॉक कांग्रेश कमेटी पनागर द्वारा संविधान के निर्माता एवं भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती का कार्यक्रम रखा गया है पार्टी के समस्त पदाधिकारी जनप्रतिनिधि ब्लॉक मंडलम सेक्टर एवं बूथ के लोगों से कार्यकर्ताओं से उपस्थित होने की अपील की गई है 14 अप्रैल दिन शुक्रवार समय शाम 4ः00 बजे से आयोजित यह कार्यक्रम बस स्टैंड स्थित अंबेडकर जी की प्रतिमा के पास आयोजन किया जा रहा है आप सब लोगों से उपस्थित होने की अपील विमल जैन ब्लॉक अध्यक्ष मनोज पहलवान पूर्व पार्षद जिला ग्रामीण अध्यक्ष कांग्रेश अनुसूचित जाति विभाग प्रदीप पटेल नगर पालिका अध्यक्ष एडवोकेट महेंद्र चक्रवर्ती नगर पालिका उपाध्यक्ष तुलसीराम कुशवाहा कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष अंकित पटेल एनएसयूआई अध्यक्ष सपना पिल्लई महिला ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती रत्ना पटेल नगर अध्यक्ष महिला कांग्रेस ने की है।

# शहर में जगह जगह कबाड़ियों का कब्जा

## कबाड़ियों पर शासन का वरदहस्त है क्या जांच जरूरी



**गोटेगांव, यशभारत।** नगर में इन दिनों शहर गोटेगांव में जगह जगह कबाड़ियों का डेरा बना हुआ है इन कबाड़ियों की विशेषता यह है कि इनके दस दस रिक्शे कबाड़ी खरीदने के लिये चल रहे हैं जो नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक अपना धावा बोल रहे हैं।वर्तमान में देखा जा रहा है कि रिक्शे पर कबाड़ी खरीदने वाले घरों घर आवाज़ लगाकर और किसी के भी घर जाकर कबाड़ी है क्या पूछने जाते हैं और जब घर मालिक कबाड़ी बेचने से मना करते हैं तो यह कबाड़ी रिक्शे वाले उन्हीं घर के लोगों का कुछ भी सामान उठा कर चलते बनते हैं ।ऐसा ही वाकया विगत दिवस पथरहां कुआं के समीप रहने वाले एक समाजसेवी व्यक्ति के साथ हुआ जब कबाड़ी ना मिलने की खुन्नस निकालने पर एक कबाड़ी उनकी पानी की मोनोब्लॉक मोटर लेकर चंपत हो गया है।नगर के नागरिकों ने बताया कि ऐसा हर एक दो रोज में होता रहता है ।आखिर शासन ने क्या इन कबाड़ियों को कबाड़ खरीदने का लाइसेंस दिया है?रोजाना गोटेगांव के कबाड़ियों के यहां यदि पुलिस की चेकिंग की जाए तो कुछ ना कुछ जानकारी मिल सकती है।बिना लायसेंस के कबाड़ी आखिर क्या सामग्री खरीद लेते हैं जिसकी किसी को कानोंकान खबर ही नही लगती जिससे इन कबाड़ियों का कारोबार स्वतंत्र रूप से फलफूल रहा है।

### नगर में हो रहे हैं अनैतिक कार्य

गोटेगांव शहर में अनैतिक कार्य जैसे जुआं,सट्टा, पावडर, गाँजा आदि की बाढ़ सी आ गई है इन सबका कार्य बेरोकटोक द्रुतगति से चल रहा हैं जिससे शहर का माहौल अराजक बना हुआ है चोरी,झगड़ा,फसाद आदि की घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।यध सभी कार्य अपराध को अंजाम देते हैं।वहीं नगर एवं ग्रामीण जनता भी इन कार्यों के चंगुल में फंसकर बर्बाद हो रही है युवा पीढ़ी भी इन सभी अनैतिक कार्यों की गिरफ्त में आती जा रही है अच्छा होगा यदि समय रहते इन सभी कार्यों पर रोक लगे अन्यथा आने वाला समय विनाशकारी होगा इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

# श्रेष्ठ पुत्र कैसे होता है- पूज्य मुनि श्री अर्हम योग प्रणेता 108 प्रणम्य सागर जी महाराज



**शहपुरा भिटौनी।** जो किसी बिना स्वार्थ और लोभ के माता पिता की सेवा करने तत्पर है वह श्रेष्ट पुत्र है । ऐसा पुत्र शिष्टाचारी होता है तथा अपने कुल को भी पवित्र करता है । माता पिता पुत्र को योग्य समझते है तो उसे अपना व्यवसाय और जिम्मदारी सोप देते है लेकिन सर्वश्रेष्ट पुत्र वही होता है जो जो पिता को कर्मो से मुक्त कर धर्म मार्ग पर बढ़ने के लिए कहता है ।उक्त उद्गार अर्हम योग प्रणेता मुनि श्री 108 प्रणम्य सागर जी महाराज ने शहपुरा मैं व्यक्त किए । ज्ञात हो की संत शिरोमणि आचार्य गुरूवर श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री प्रणम्य सागर जी महाराज , मुनि श्री चंद्रसागर जी महाराज , छुल्लक 105 छुल्लक अनुनय सागर जी महाराज ,क्षुल्लक 105 सविनय सागर जी महाराज , क्षुल्लक 105 समन्वय सागर जी महाराज शहपुरा मैं विराज़मान है । मुनि श्री ने आगे ÷ अर्हम अभ्योदय÷ प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से ऑनलाइन बच्चों को शिक्षा दी जायेगी जिसमे मैं जान पायेंगे कि भगवान कौन है ? भगवान कैसे है ? संसार क्या है ? यह दुनिया किसने बनाए ? आदि आदि जानकारी दी जायेंगी । जैन विज्ञान की जानकारी इस अभ्योदय के माध्यम से घर घर मैं गुरुकुल की स्थापना होगी । शहपुरा भिटौनी मैं प्रतिदिन प्रातः 8.30 से पूज्य मुनि श्री के प्रवचन होते है जिसमे सभी धर्म प्रेमी बंधु अवस्य पधारे और धर्म लाभ लेकर पुण्य अर्जन करे ।

# कुंडम तहसील कार्यालय मै दलालों का जंगलराज ग्रामीण जन परेशान और शासन-प्रशासन मौन




**कुंडम, यशभारत।** कुंडम तहसील कार्यालय बना रिश्वतखोरी का अड्डा बगैर रुपए दिए नहीं होते कोई भी कार्य जिससे ग्रामीण आदिवासी परेशान रोजाना दर-दर मटका आया जाता है ग्रामीण आदिवासियों जनों को कुंडम जबलपुर जिले की कुंडम तहसील मैं इन दिनों भारी भ्रष्टाचारी का अड्डा बन गया है यहां पर पटवारी आर आई बाबू खुलेआम रुपए मांगते हैं और रुपया लेने के बाद भी महीनों भटका या जाता है उसके बाद भी ग्रामीण जनों के कार्य नहीं किया जाता कुंडम तहसील के अंतर्गत राजस्व विभाग के पटवारी खुलेआम रिश्वत लेते हैं और सीमांकन से लेकर बटवारा ऋण पुस्तिका बनाना ऐसे सभी काम पटवारी को रुपए देने पर सालों भटकना पड़ता है उसके बाद भी कार्य नहीं किए जाते हैं कुंडम तहसील कार्यालय में इन दिनों जमकर भ्रष्टाचारी की जा रही है यहां पर पदस्थ बाबू आर आई पटवारी बगैर रुपए लिए कोई कार्य नहीं किया जाता है यही कारण है कि आदिवासी आज कुंडम तहसील के सालों साल चक्कर काटते काटते थक रहे हैं और पटवारी की जेब भरते भरते गरीब हो रहे हैं पटवारी कुंडम सलैया सनजारी हरदुली बघराजी इमलई पड़रिया चौरई महंगावा गौरी खैरी झिरमिला दांदरगबा लखनवारा उचेहरा पिपरिया के पटवारियों ने जमकर भ्रष्टाचारी कर रहे हैं खुलेआम रिश्वतखोरी चल रही है कोई अधिकारी शासन-प्रशासन बोलने वाला नहीं है सैकड़ों बार शिकायत करने पर भी इनके ऊपर कोई कार्यवाही नहीं होती कुंडम तहसील कार्यालय इन दिनों दलालों का अड्डा बन गया है यहां पर रिश्वतखोरी चरम सीमा पार कर चुकी है ग्रामीण आदिवासी पटवारियों से बाबू से भारी परेशानी उनके घर जा जाकर कार्यालय के चक्कर काट काट कर थक चुके रुपया देने के बाद भी पटवारियों द्वारा किसानों का कोई कार्य नहीं किया जाता सिर्फ आश्वासन दिया जाता है कल आ जाना परसों आ जाना 15 दिन में आ जाना बस सिर्फ आश्वासन ही मिला कार्य आज दिनांक तक नहीं होता कुंडम तहसील कार्यालय का यह एक बड़ा जंगल राज्य यहां पर राजस्व विभाग में पदस्थ पटवारी आरआई बगैर पैसा दिए कार्य नहीं किया जाता है ग्रामीण आदिवासियों ने कलेक्टर जबलपुर से मांग की है कि कुंडम तहसील कार्यालय की एवं राजस्व विभाग में पटवारियों के द्वारा रिश्वतखोरी प्रथा को बंद कराई जाए अन्यथा आदिवासी जनों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

# रात्रिकालीन टेनिस बाल प्रतियोगिता में दर्शकों का जमघट रोमांचक मैचों का लुत्फ उठा रहे सभी



**गाडरवारा, यशभारत।** स्थानीय पुराने कॉलेज ग्राउंड पर सुभाष ट्रांसपोर्ट द्वारा आयोजित प्रिंस एकता सनराइज क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में चल रही रात्रि कालीन टेनिस वॉल क्रिकेट प्रतियोगिता जीसीएल 2023 ट्रॉफी के तीसरे दिवस पहला मैच सनराइज क्रिकेट क्लब एवं प्रिंस क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया जिस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइज क्रिकेट क्लब ने निर्धारित 8 ओवर में 58 रन बनाए जवाबी पारी खेलते हुए प्रिंस क्रिकेट क्लब ने 5.3 ओवर में 7 विकेट से मैच जीत लिया इस मैच का मैन ऑफ द मैच भरत को दिया गया जिन्होंने महत्वपूर्ण दो सफलताएं हासिल कर 25 रन बनाए थे दूसरा मैच जी के जीकेएमटी एवं सीएसएम के बीच खेला गया जिसमें जीकेएम टी, पहले बल्लेबाजी करते हुए 80 रन बनाए वही जवाबी पारी खेलते हुए सी एफ एम ने 5 विकेट से मैच जीत लिया इस मैच का मैन ऑफ द मैच छुटूआ कहार को दिया गया द्य तीसरा मैच एसआर क्रिकेट क्लब एवं महाकाल क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया ऐसा क्रिकेट क्लब में महाकाल क्रिकेट क्लब को 26 रन से हराया। पुरस्कार वितरण के अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा पार्षद आनंद दुबे सुरेंद्र गुर्जर श्रीमती सुबी आयुष जैन ,पूर्व पार्षद रितेश राय, मुकेश रूसिया, रूपेश राय ,कमलेश विश्वकर्मा, सौरव पटेल सतीश कौरव रोहित गुर्जर आदि ने खिलाड़ियों से रूबरू होकर उनके बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए उनका उत्साह बढ़ाया और रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता की प्रशंसा कहा की ऐसी आयोजन युवाओं के लिए प्रेरणादायक है और खिलाड़ियों को अपने खेल का प्रदर्शन करने के लिए एक अच्छा मंच मिलता है खेल प्रतियोगिता के माध्यम से खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर भी प्राप्त होता है।

# भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर हुआ आयोजित



**नरसिंहपुर, यशभारत।** भाजपा पार्टी के स्थापना दिवस 6 अप्रैल से लेकर 14 अप्रैल डॉ.भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती तक आयोजित सामाजिक न्याय सप्ताह का आयोजन भाजपा जिला प्रभारी श्रीमति अमिता चपरा के मार्गदर्शन एवं भाजपा जिलाध्यक्ष इंजी.अभिलाष मिश्रा के नेतृत्व में किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा जिला मुख्यालय स्थित केन्द्रीय जेल परिसर में स्वास्थ्य शिविर परीक्षण का आयोजन कर औषधियां भी वितरित की गई। जिसमें जेल में निरूद्ध 613 व्यक्ति लाभान्वित हुए उक्ताषय की जानकारी देते हुए चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ.अजय सोनी ने बताया कि शिविर में अतिथि स्वरूप वरिष्ठ नेता महंत प्रीतमपुरी विधानसभा संयोजक नीरज महाराज नगर पालिका अध्यक्ष, नंदकिशोर ठाकुर जिला महामंत्री, विनीत नेमा जिला उपाध्यक्ष एवं सामाजिक न्याय सप्ताह जिला सहप्रभारी, इंजी.निशा सोनी महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष, शिवम श्रीवास्तव नगर मंडल अध्यक्ष भाजयुमों, श्रीकांत श्रीवास्तव सोशल मीडिया प्रभारी नरसिंहपुर विधानसभा की गरिमामय उपस्थिति रही। इस अवसर पर नरसिंहपुर जिला चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ.हरिशंकर कुशवाह एम.डी.मेडिसिन, डॉ.आदित्य साहू नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ.मेघना पाठक, डॉ.मनोज पटेल, डॉ.नालिन सोनी, डॉ.शरद ठाकुर, डॉ.गुलाब समदेले, डॉ.राकेष ठाकुर, आदि द्वारा चिकित्सा कार्य में सहयोग किया गया एवं जेल परिसर की समस्त व्यवस्थाओं में जेल अधीक्षक शेफाली तिवारी एवं उप जेल अधीक्षक सुभाष सागर सहित समस्त जेल स्टाफकी सहभागिता रही। उक्ताशय की प्रेस विज्ञप्ति जिला भाजपा कार्यालय से जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा द्वारा दी गई।

# 4 साल से जली पड़ी हैविद्युत केवल-500 मीटर दूर से लाइन चीज कर ला रहे हैं घरेलू उपभोक्ता

**बरेला, यशभारत।** विद्युत मंडल की कार्यप्रणाली से जहां आम आदमी परेशान हैं । विद्युत मंडल द्वारा हमेशा से ही बिजली बिलों की वसूली पर जोर दिया जाता है किंतु उपभोक्ताओं को होने वाली समस्याओं से विद्युत मंडल के कर्ण धारो को कोई सरोकार नहीं है इसका प्रत्यक्ष प्रमाण ग्राम पंचायत बम्हनी के अंतर्गत बम्हनी तिराहा है जहां पर लगभग 50 उपभोक्ता लाइन खराब होने के कारण ट्रांसफार्मर से खुद की लाइन खींच कर अपने घरों तक विद्युत कनेक्शन ले गए हैं। बताया जाता है कि बम्हनी तिराहा स्थित ट्रांसफार्मर से आगे नदी की ओर जाने वाली केबिल विगत 4 साल पूर्व जल गई थी किंतु विद्युत मंडल को शिकायत करने के पश्चात भी अभी तक यह जली केवल नहीं बदली है जिसके कारण उपभोक्ताओं को कुछ दिन तो बगैर बिजली की ही गुजारना पड़ा। तत्पश्चात ग्रामीणों ने विवश होकर ट्रांसफार्मर से तार खींचकर अपने-अपने घरों तक विद्युत सप्लाई लेने विवश होना पड़ रहा है। इस संबंध में ग्रामीण नीलकमल झारिया का कहना है कि ट्रांसफार्मर से केबल जले हुए चार पांच साल होने जा रहा है तथा केबल बदलने हेतु अनेकों बार विद्युत मंडल को शिकायत भी की गई किंतु विद्युत मंडल के अधिकारियों द्वारा आज तक यहां पर झांक कर नहीं देखा गया तथा सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करने पर सुधार नहीं किया गया अपितु शिकायत कर्ताओं को शिकायत वापस लेने के लिए अधिकारी द्वारा दबाब जरूर डाल जाता है। उपभोक्ताओं द्वारा अपने घरेलू उपयोग हेतु लाए गये तारों से विद्युत कनेक्शन घर घर ले जाए गए हैं जिसके कारण तारों से विद्युत दुर्घटना होने की भी आशंका रहती है। विद्युत मंडल शायद किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है तब कहीं जाकर शायद मंडल के आला अधिकारी कुंभकरण निद्रा से जागेंगे ।



# जन चौपाल लगाकर जनसमस्याओं को जाना

**कुंडम,यशभारत।** कुंडम सिहोरा विधानसभा जिला पंचायत सदस्य एकता ठाकुर ने सिहोरा विधानसभा के कुंडम ब्लॉक के अपने क्षेत्र में जन चौपाल लगाकर जनसमस्याओं को जाना, कुछ का निवारण किया व बाकी निवारण हेतु आश्वस्त किया,। महिलाओं युवाओं ने पूरा गांव घुमा कर समस्याओं से अवगत करवाया।

# 6 ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार,मुख्य आरोपी फरार

**पुलिस गिरफ्त में आए युवक ईकेश ने बताया कि मैं रिंकू पटेल से माल प्राप्त कर विक्रय करता हूं...**

**गोटेगांव, यशभारत।** स्थानीय थाना की टीम ने स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है एवं एक युवक की तलाश में जुटी है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। एवं एक मुख्य आरोपी युवक फरार है थाने से मिली जानकारी के अनुसार गोटेगांव पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि रेलवे ट्रैक सिंहवाहिनी मंदिर के पास एक युवक नशीले पदार्थों के साथ घूम रहा है। इस सूचना के आधार पर गोटेगांव एसडीओपी पुरुषोत्तम मरावी एवं थाना प्रभारी हिमलेंद्र सिंह पटेल के निर्देश पर उप निरीक्षक विजय धुर्वे, दिलीप सिंह,रंजीत पटेल,महेंद्र शुक्ला, विपिन पटेल,सचिन पटेल,सागर सोनकर की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर वहां घूम रहे युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी स्मैक बेचने खड़ा हुआ था। जिसे गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए युवक की तलाशी ली तो उसके पास से 6 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में पहचान गोटेगांव निवासी योगेश चौधरी उर्फ ईकेश उम्र 23 वर्ष के नाम से हुई। पूछताछ में उसने बताया कि मैं नया बाजार निवासी रिंकू पिता प्रभु नारायण पटेल से माल प्राप्त कर बेचा करता हूं। पुलिस रिंकू की तलाश में जुटी।इस समय नवागत पुलिस कप्तान के निर्देश पर नशा के खिलाफ और नशा बेचने वालों के लिये पुलिस द्वारा सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

# वनडे वर्ल्ड कप से पहले टीम इंडिया के लिए बड़ी खुशखबरी, झूम उठेंगे भारतीय फैंस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वनडे वर्ल्ड कप इसी साल अक्टूबर-नवंबर के बीच भारत में खेला जाना है. इस बड़े टूर्नामेंट को ध्यान में रखते हुए सभी टीमें आईपीएल में खेल रहे अपने खिलाड़ियों की फॉर्म और फिटनेस पर नजर रख रही है. आईपीएल 2023 के बीच टीम इंडिया के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है. पिछले कई समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे एक खिलाड़ी ने आखिरकार फॉर्म में वापसी कर ली है. ये खिलाड़ी टीम इंडिया के सबसे बड़े मैच विनर्स में से एक है.



## वर्ल्ड कप से पहले टीम इंडिया के लिए बड़ी खुशखबरी

टीम इंडिया इस साल वनडे वर्ल्ड कप अपने ही घर में खेलने वाले है, ऐसे में भारतीय फैंस को टीम इंडिया से काफी उम्मीद है. टीम इंडिया ने पिछली बार 2011 में अपने ही घर में वनडे वर्ल्ड कप का खिताब जीता था. इस बड़े टूर्नामेंट से पहले भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने फॉर्म में वापसी कर ही है. रोहित शर्मा के बल्ले से पिछले कई समय से बड़ी पारी देखने को नहीं मिली थी, लेकिन में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में वह एक कप्तानी पारी खेलने में कामयाब रहे जो भारतीय फैंस के लिए किसी बड़ी खुशखबरी से कम नहीं है।

## 24 पारियों के बाद आईपीएल में अर्धशतक

टीम इंडिया के साथ-साथ मुंबई इंडियंस के लिए भी फॉर्म में आना काफी जरूरी था. रोहित शर्मा के बल्ले से आईपीएल में 24 पारियों के बाद अर्धशतक निकला है. इससे पहले रोहित शर्मा ने साल 2021 के आईपीएल में 50 रन का आकंड़ा पार किया था. रोहित शर्मा ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 45 गेंदों पर 65 रनों की पारी खेली. इस पारी में रोहित शर्मा के बल्ले से 6 चौके और 4 छक्के देखने को मिले.

## IPL 2023 में मुंबई इंडियन की पहली जीत

आईपीएल 2023 में मुंबई इंडियंस को आखिरकार अपनी पहली जीत मिल गई है. मुंबई इंडियंस को सीजन के शुरुआती दोनों मैचों में हार का सामना करना पड़ा था. लेकिन दिल्ली कैपिटल्स को हराकर मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2023 की पहली जीत दर्ज की. इस मैच में कप्तान रोहित शर्मा की अपनी टीम की जीत के हीरो रहे।



# कुणाल पंड्या ने जानबूझकर निकोलस पूरन को पानी में धकेला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग में हिस्सा ले रहे खिलाड़ियों का ऐसे तो बहुत टाइट शेड्यूल होता है लेकिन मौका मिलते ही वे अपने लिए फुर्सत के कुछ क्षण निकाल ही लेते हैं। हाल ही में विराट कोहली ने बेटी वामिका के साथ स्विमिंग पूल के किनारे एक तस्वीर शेयर की थी, जो यूजर्स ने काफी पसंद किया था और वह सोशल मीडिया पर बहुत वायरल भी हुई थी। अब एक वीडियो निकोलस पूरन और क्रुणाल पंड्या को सोशल मीडिया पर वायरल है। इस वीडियो को क्रुणाल पंड्या और केएल राहुल की अगुआई वाली लखनऊ सुपर जायंट्स ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। वीडियो में लखनऊ सुपर जायंट्स के ऑलराउंडर क्रुणाल पंड्या अपनी टीम के साथी और कैरेबियाई क्रिकेटर निकोलस पूरन को स्विमिंग पूल में धकेलते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो देखने से लग रहा है निकोलस पूरन स्विमिंग पूल में उतरना नहीं चाहते थे, लेकिन क्रुणाल पंड्या ने उन्हें जानबूझकर धक्का दे दिया।

# पाकिस्तान के स्टार क्रिकेटर ने चयनकर्ताओं को खुलेआम दी धमकी, बोले- इस बार टीम से बाहर किया तो...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट ज्यादातर समय विवादों से घिरा रहता है। हाल ही में खबर सामने आई कि शाहिद अफरीदी चाहते थे कि बाबर आजम को कप्तान के रूप में रिप्लेस किया जाए। अभी यह विवाद थमा नहीं था कि एक और बड़ी बात सामने आई है। पाकिस्तान के ऑलराउंडर इमाद वसीम ने चयनकर्ताओं को धमकी दी है कि अगर उन्हें अब टीम से बिना जानकारी दिए ड्रॉप किया गया तो इसका अंजाम अच्छा नहीं होगा। इमाद वसीम को हाल ही में अफगानिस्तान के खिलाफ तीन टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज के लिए पाकिस्तान टीम में चुना गया था।

## इमाद वसीम ने क्या कहा

34 साल के इमाद वसीम करीब एक साल से ज्यादा समय तक राष्ट्रीय टीम से बाहर रहे। उन्होंने वापसी से पहले आखिरी टी20 इंटरनेशनल मैच नवंबर 2021 में दुबई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। एक स्थानीय टीवी चैनल से बातचीत में वसीम ने खुलासा किया कि चयनकर्ताओं ने उन्हें बिना कोई कारण बताए राष्ट्रीय टीम से बाहर कर दिया था। क्रिकेट पाकिस्तान ने इमाद वसीम के हवाले से कहा, चयनकर्ताओं ने मुझे पिछले एक से डेढ़ साल तक राष्ट्रीय टीम से बाहर रखा और इसका कारण नहीं बताया। अब मैं ऐसा दोबारा नहीं होने दूंगा। इस बार मेरे एक्शन महत्वपूर्ण होंगे। मैं अपने करियर के उस पड़ाव पर हूं कि अगर मुझे बिना बताए बाहर किया गया तो कोई कदम उठा लूंगा।

## ऐसी कोई तकलीफ नहीं

इमाद वसीम ने साथ ही बताया कि उन्हें राष्ट्रीय टीम में नहीं खेलने पर आर्थिक रूप से कोई नुकसान नहीं हुआ। वो जब



राष्ट्रीय टीम का हिस्सा नहीं थे, तब ज्यादा कमाई करने में सफल हो रहे थे। वसीम ने कहा, जब मैं टीम से बाहर था, तो आर्थिक रूप से कोई नुकसान नहीं हुआ। मैं पाकिस्तान के लिए खेलकर जितना कमाता हूं, उससे ज्यादा ही कमाई हो रही थी। पाकिस्तान के ऑलराउंडर ने कहा कि उन्हें अपनी क्षमताओं पर पूरा विश्वास है। उन्होंने कहा, मुझे अपनी क्षमता पर पूरा विश्वास है। अगर मैं ऐसा गेंदबाज होता, जो परिस्थिति पर निर्भर रहता तो ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका में टी20 लीग की टीम मेरा चयन नहीं करती। बता दें कि इमाद वसीम अब न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज में एक्शन में नजर आएंगे।

## इमाद वसीम का करियर

इमाद वसीम ने 61 टी20 इंटरनेशनल मैचों में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया और एक अर्धशतक की मदद से 434 रन बनाए। उन्होंने 57 विकेट भी चटकाए। हाल ही में वसीम ने पाकिस्तान सुपर लीग में हिस्सा लिया था, जहां उन्होंने तीन अर्धशतक की मदद से 404 रन बनाए और 9 विकेट लिए।

## दिव्यांग क्रिकेट प्रीमीयर लीग

# देश की प्रथम दिव्यांग प्रीमियर लीग में रामबरन की हैट्रिक : जबलपुर और उज्जैन जीते



**जबलपुर, यशभारत।** स्थानीय रानीताल मैदान पर खेली जा रही दिव्यांग प्रीमियर लीग के दूसरे दिन 2 मैच खेले गए जिसमें जबलपुर और उज्जैन की टीमें जीतीं । मैच के शुरुआत में उड़ान वेलफेयर फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति गुप्ता सह सचिव अमीश्री खरे एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्वतारोही सौरभ कुशवाहा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया द्य उड़ान फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति गुप्ता ने खिलाड़ियों के हौसले की प्रशंसा की और दिव्यांग खिलाड़ियों को नए भारत की प्रेरणा बताया वही पर्वतारोही सौरभ कुशवाहा ने कहा कि मैंने बड़े-बड़े पर्वतों को जीता है लेकिन आपके हौसलों ने और आप की खेल भावना ने मेरे दिल को जीता हैआज खेले गए पहले मैच में उज्जैन संभाग ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया बल्लेबाजी के लिए उत्तरी इंदौर की टीम का आगाज अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बृजेश द्विवेदी ने मैच की पहले ही गेंद पर चौका मारकर किया और 12 रन



पर आउट हो गए उनका साथ निभा रहे शैलेश पटेल ने सर्वाधिक 22 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली द्य इंदौर के लिए गुरुदत्त ने 15 एवं अजय ने 10 रनों की मदद से कुल 101 रन बनाए उज्जैन की ओर से गेंदबाजी करते हुए आसिफ मीर ने सर्वाधिक 3 विकेट अनिल चौहान ने दो पीयूष गर्ग ने एक खिलाड़ी को आउट किया 102 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी उज्जैन की टीम ने अपनी सधी हुई बल्लेबाजी से 14 ओवर में अपने लक्ष्य को हासिल कर 4 विकेट से जीत हासिल की बल्लेबाजी करते हुए रंजीत सिंह ने सर्वाधिक अविजित 28 रन अनिल चौहान एवं सुंदरलाल ने 16 16 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली आसिफ अमीर को उनकी श्रेष्ठ गेंदबाजी के कारण मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया द्य वही आज का दूसरा मैच जबलपुर और ग्वालियर संभाग के मध्य खेला गया ग्वालियर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी को चुना बल्लेबाजी करने उतरी जबलपुर की शुरुआत बहुत ही अच्छी हुई कप्तान रामबरन यादव ने 4 चौके और एक लंबे छक्के की मदद से 38 रन दशरथ ने आतिशी पारी खेलते हुए मात्र 16 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से 28 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली और टीम को निर्धारित 20 ओवर में 147 के स्कोर तक पहुंचाया ग्वालियर की ओर से गेंदबाजी करते हुए भागीरथ ने दो सत्यम श्याम और तनवीर ने एक-एक खिलाड़ी को आउट कर पवेलियन पहुंचाया द्य 148 रनों का लक्ष्य प्राप्त करने उतरी ग्वालियर की टीम शुरुआत में काफी तेज खेल रही थी बल्लेबाज जीतेंद्र ने 30 गेंदों पर छह चौकों की मदद से 38 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली लेकिन जबलपुर के कप्तान रामबरन इस टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक समेत चार विकेट लेकर ग्वालियर की कमर तोड़ दी द्य वही रही सही कसर रामकिशोर ने ग्वालियर के तीन महत्वपूर्ण खिलाड़ियों को आउट कर ग्वालियर के विजय अरमानों पर पानी फेर दिया द्य जबलपुर के कप्तान को दोहरे प्रदर्शन 38 रन एवं हैट्रिक सहित 4 विकेट के चलते मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया ।


# शिखर धवन के करीब पहुंचे डेविड वॉर्नर, मार्क वुड के सिर पर पर्पल कैप बरकरार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2023 में 16 मैचों के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में शिखर धवन और सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मार्क वुड नंबर वन पर कायम हैं. इस सीजन में पंजाब किंग्स की कप्तानी कर रहे धवन ने पिछले मैच में ही नाबाद 99 रनों की पारी खेली थी. अपनी इस पारी के दम पर 'गब्बर' से सिर पर ऑरेंज कैप है. वहीं, इस सीजन में चार मैचों में तीन अर्धशतक लगाने वाले दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान डेविड वॉर्नर अब शिखर के करीब पहुंच गए हैं. शिखर के तीन मैचों में 225 रन है जबकि वॉर्नर 4 मैचों में 209 रनों के साथ इस सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं. चेन्नई सुपर किंग्स के ऋतुराज गायकवाड़ 3 मैचों में 189 रनों के साथ तीसरे और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के कप्तान फॉफ डु प्लेसिस तीन मैचों में 175 रनों के साथ चौथे नंबर पर हैं. डु प्लेसिस के टीम साथी विराट कोहली 164 रनों के साथ टॉप-5 में कायम हैं. टॉप-5 के गेंदबाजों की बात करें तो लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मार्क वुड सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में नंबर वन पर हैं. वुड ने पिछले मैच में ही गुजरात टाइटंस के स्पिनर राशिद खान से पर्पल कैप छीनी थी. राशिद ने पिछले मैच में ही कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपने आईपीएल करियर की पहली हैट्रिक ली थी. वुड के नाम 3 मैचों से नौ विकेट हो गए हैं जबकि राशिद खान ने इतने ही मैचों में अब तक 8 विकेट झटके हैं. राजस्थान रॉयल्स के युजवेंद्र चहल के नाम भी अभी आठ ही विकेट है. लखनऊ के रवि बिश्नोई 4 मैचों में 6 विकेट के साथ चौथे और अल्जारी जोसेफ 3 मैचों में 6 विकेट के बाद टॉप-5 में बने हुए हैं।

## रंग संसार

# किसी की 10 महीने तो किसी की 12 महीने, चंद महीने में टूटी इन मशहूर सितारों की शादी





**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉलीवुड गलियारों से अक्सर सितारों के अफेयर और ब्रेकअप की खबरें आती रहती हैं. हीं, फिल्म इंडस्ट्री में कई ऐसे सितारे हैं, जिन्होंने अपनी शादी को लंबे समय तक बनाए रखा जबकि इनमें से कुछ सितारे ऐसे भी रहे जिनका शादी का बंधन कुछ ही समय में टूट गया. आइये एक नजर डालते हैं ऐसे ही सितारों पर जिनकी शादी बहुत लंबे समय तक नहीं टिक पाई.

## 1. रेखा और मुकेश अग्रवाल

बॉलीवुड अदाकारा रेखा ने दिल्ली के व्यवसायी मुकेश अग्रवाल से साल 1990 में शादी की थी लेकिन शादी के बाद मुकेश डिप्रेशन में रहने लगे. शादी के 12 महीने बाद मुकेश ने आत्महत्या कर ली थी. बता दें कहा जाता है कि रेखा के ही दुपट्टे से उन्होंने खुद की जान ली थी. पति की मौत के बाद रेखा ने दूसरी शादी नहीं की. हालांकि रेखा ने अपने पति की मौत को लेकर कभी भी कोई बात नहीं की.

## 2. करण सिंह ग्रोवर-श्रद्धा निगम

एक्टर करण सिंह ग्रोवर अपनी पत्नी बिपाशा बसु के साथ बहुत खुश हैं. हालांकि यह करण की तीसरी शादी है. करण ने सबसे पहले श्रद्धा निगम ने शादी की थी और केवल 10 महीने बाद ही दोनों अलग हो गए. खबर ऐसी थी उस दौरान कि श्रद्धा ने करण सिंह ग्रोवर से तलाक के लिए तब अर्जी दी थी जब उन्हें पता चला था कि उनके पति का किसी फीमेल डांस कोरियोग्राफर के साथ अफेयर चल रहा है. बता दे करण सिंह और श्रद्धा निगम आज अपनी जिंदगी में खुश हैं.

## 3. मल्लिका शेरावत और करण सिंह गिल

बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री मल्लिका शेरावत ने कभी भी अपनी शादी के बारे में किसी को नहीं बताया, उनकी शादी की कुछ तस्वीरें सामने आई जिससे पता चला कि अभिनेत्री बॉलीवुड में आने से पहले ही शादी कर चुकी थी. बताया जाता है कि मल्लिका की पहली शादी पायलट करण सिंह गिल से हुई थी, लेकिन शादी के बाद मल्लिका ने अपने करियर को चुना और अपने पति से अलग हो गई.

## 4. सारा खान और अली मर्चेंट

टीवी की मशहूर एक्ट्रेस सारा खान जब बिग बॉस के सीजन चार में आई थी तो उन्होंने बिग बॉसे क ही घर में ब्वॉयफ्रेंड अली मर्चेंट से शादी की थी. हालांकि शादी के दो महीने बाद ही इन दोनों ने तलाक ले लिया था. खबरों की मानें तो बिग बॉस शो के मेकर्स ने इन दोनों को शो में शादी करने के लिए 50 लाख रुपये दिए थे. हालांकि चैनल ने खबरों को झूठा बताया था और इसे इन दोनों का निजी फैसला था.

## 5. पुलकित और श्वेता रोहिरा

पुलकित और श्वेता रोहिरा की जोड़ी चर्चा में रहती थी. शादी के बाद इन दोनों के लड़ाई झगड़े के सुनने को मिलने लगे. एक समय ऐसा भी आया जब दोनों शादी के बाद अलग हो गए. दोनों की शादी केवल 12 महीने तक ही चली।

# सुहाना खान ने रेड सूट में दिखाया बॉस लेडी लुक

नई दिल्ली। बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान और इंटीरियर डिजाइनर गौरी खान की बेटी सुहाना खान जल्द ही बॉलीवुड डेब्यू करने वाली हैं। इन दिनों सुहाना खान इंडस्ट्री के सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाले स्टार किड्स में शुमार हैं। इन दिनों वह लगातार खुद को एंटरटेनमेंट और फैशन इंडस्ट्री में स्टेबल करने में व्यस्त हैं। बीती रात सुहाना ने पहली बार ब्रांड एंबेस्डर के तौर पर एक इवेंट में शिरकत की। इस इवेंट में उनका लुक इतना गजब था कि उनकी तस्वीरें और वीडियो अब सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं।

## रेड सूट में सुहाना का बॉस लुक

सुहाना ने मुंबई में एक कार्यक्रम में रेड सूट में अपनी स्टाइलिश लुक के साथ सुर्खियां बटोरीं हैं। सोशल मीडिया पर उनके इस लुक को लेकर गजब का क्रेज नजर आ रहा है। इन वीडियो में हम सुहाना को एक रेड पैंटसूट पहने देख सकते हैं। एक क्रॉप्ड ब्लेज़र और मैचिंग हाई-वेस्ट ट्राउज़र्स में सुहाना ने बॉस-लेडी वाइब्स देकर लोगों को दीवाना बना दिया है।



## मिनिमल मेकअप में सुहाना

अपने इस लुक में ग्लैमर का तड़का लगाने के लिए, उन्होंने अपने चीकबोन्स पर थोड़े शिमर के साथ अपने मेकअप को मिनिमल रखा। इस लुक को कंप्लीट करने के लिए सुहाना ने सिल्की बालों को खुला छोड़ रखा था। सुहाना के लिए यह इवेंट काफी खास है क्योंकि उन्हें एक इंटरनेशनल मेकअप और ब्यूटी प्रोडक्ट ब्रांड ने साइन किया है।

## इस फिल्म में आएंगी नजर

वर्कफ्रंट की बात करें तो सुहाना खान जल्द ही बॉलीवुड में एक्टिंग डेब्यू करने वाली हैं। हालांकि इसके पहले वह एक शॉर्ट फिल्म में नजर आ चुकी हैं, जो उनकी डिग्री के दौरान के एक प्रोजेक्ट के तौर पर बनाई गई थी। लेकिन प्रोफेशनल एक्टर के तौर पर वह जोया अख्तर की फिल्म आर्चीज से डेब्यू करने वाली हैं। बता दें कि सुहाना ने बॉलीवुड में कदम रखने से पहले ही अपनी तगड़ी फैन फॉलोइंग खड़ी कर ली है, वह सोशल मीडिया पर काफी पॉपुलर हैं और अपनी हर तस्वीर और वीडियो पर लाखों व्यूज हासिल करती हैं।

# नीतू कपूर ने रणबीर की एक्स पर कसा था तंज, अब कैटरीना कैफ की मां ने कही ये बात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉलीवुड एक्ट्रेस नीतू कपूर ने कुछ दिनों पहले सोशल मीडिया पर एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया था, जिसने हर किसा का ध्यान अपनी तरफ खिंचा था. दरअसल नीतू कपूर ने सोशल मीडिया पर रिलेशनशिप और शादी को लेकर पोस्ट किया था. नीतू कपूर के पोस्ट को लेकर नेटिजेंस कयास लगाने लगे कि उन्होंने बिना नाम लिए बेटे रणबीर कपूर की एक्स गर्लफ्रेंड कैटरीना कैफ पर निशाना साधा है. ऐसे में अब कैटरीना कैफ की मां सुजैन टरकोटे ने अब एक धमाकेदार पोस्ट शेयर किया है, जिसे नीतू कपूर के पोस्ट का जवाब माना जा रहा है.



**नीतू कपूर ने शादी और डेटिंग पर कही थी बात-** दरअसल कुछ दिनों पहले नीतू कपूर ने कुछ दिनों पहले सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया था जिसमें लिखा हुआ था 'क्योंकि उसने आपको 7 साल डेट किया है, इसका मतलब यह कतई नहीं है कि वो आपसे शादी करे'. नीतू कपूर के इस पोस्ट को लोग कैटरीना कैफ से जोड़कर देख रहे हैं. बता दें कि कैटरीना और रणबीर ने 6 सालों से अधिक तक एक दूसरे के साथ थे और लिव-इन में रहे थे. हालांकि ये रिश्ता खत्म हो गया और अब सालों बाद नीतू के इस पोस्ट ने हर किसी को हैरान कर दिया है.

**कैटरीना की मां ने दिया करारा जवाब-** नीतू कपूर का ये पोस्ट कैटरीना कैफ के लिए था या नहीं ये तो कहना मुश्किल है लेकिन इसपर सोशल मीडिया पर लोग अपनी राय दे रहे हैं. वहीं कैटरीना ने तो इस पर कुछ नहीं कहा लेकिन एक्ट्रेस की मां को नीतू कपूर का ये अंदाज अच्छा नहीं लगा और नीतू के इस पोस्ट के कुछ देर बाद ही अदाकारा कैटरीना कैफ की मां ने एक पोस्ट किया. कैटरीना कैफ की मां सुजैन टरकोटे ने भी बिना किसी को टैग किए या नाम लिए पोस्ट शेयर किया है और इसमें लिखा है 'मेरी इस तरह परवरिश हुई कि मैं एक सफाई कर्मचारी को भी वही इज्जत दूं, जो एक सीईओ को दी जाती है'.

**फैंस ने कहा सही टाइम पर पोस्ट किया-** इस पोस्ट को लेकर यूजर्स कैटरीना की मां को सपोर्ट कर रहे हैं. एक यूजर ने लिखा, 'सही टाइम पर पोस्ट किया. जैसी मां वैसी बेटी'. दूसरे ने लिखा, 'कही कहा आपने. आपने बच्चों को सही सीख दी है'. गौरतलब है कि कैटरीना कैफ ने साल 2021 में विक्की कौशल के साथ शादी की थी. कपल ने राजस्थान में शादी सात फेरे लिए थे. वहीं, रणबीर कपूर ने पिछले साल 2022 में आलिया भट्ट के साथ शादी रचाई है. कपल की एक बेटी है, जिनका नाम राहा कपूर है।

# मंदिर में नयनतारा के साथ हुई बदसलूकी, गुस्से में फैन को दी फोन तोड़ने की धमकी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साउथ से अब जल्द ही बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहीं टॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा नयनतारा की झलक पाने को हर कोई बेकरार रहता है। उनकी एक्टिंग के साथ फैंस उनकी खूबसूरती के भी दीवाने हैं। नयनतारा जल्द ही शाहरुख खान की अपकमिंग फिल्म जवान में बतौर लीड एक्ट्रेस के तौर पर नजर आएंगी। यह फिल्म 2 जून 2023 इसी साल सिनेमाघरों में धूम मचाने के लिए तैयार है। फैंस उनकी फिल्म जवान का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। शाहरुख खान के साथ पहली बार इस फिल्म में एक्ट्रेस स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। लेकिन हाल ही में नयनतारा के साथ एक अजीबो-गरीब हादसा हो गया। दरअसल, नयनतारा अपने पति विग्नेश शिवन के साथ मंदिर दर्शन ने लिए जा रही थीं तो वहां पर मौजूद एक फैन ने उनकी वीडियो बनाना शुरू कर दिया। जिसे देखकर नयानतारा भड़क गई। साथ ही उन्होंने पहले तो उस फैन को बुरा भला कहा। जिसे देखकर नयनतारा गुस्से में आ गई। फैन पर गुस्सा दिखाती नयनतारा का ये वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है और यूजर्स उनके इस व्यवहार पर नाराजगी जताते हुए उन्हें ट्रोल कर रहे हैं।

## यशभारत अपना घर अपना आंगन

# इंडिया बुक और एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराकर शहर की छात्रा ने रचा इतिहास

## यशभारत से चर्चा के दौरान साझा किए अपने अनुभव

**जबलपुर,यशभारत। चित्रकारी की दुनिया में संस्कारधानी समेत देशभर में भी अपनी पहचान बनाने वाली सेठीनगर गुप्तेश्वर में रहने वाली दीक्षा गुप्ता जबलपुर की मिट्टी में ही पली बढ़ी हैंऔर आज वे युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत बन गई हैं। उन्होंने कम उम्र में ही अपने चित्रकला के माध्यम से शहर का नाम के केवल मध्यप्रदेश ही नहीं एशिया में भी रोशन किया है। जिससे जिले वासी आज गर्व की अनुभूति करते हैं।**



### कहा- कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता....

जब भी कला की बात होती है तो आंखों के सामने दीक्षा की की पेंटिंग आ जाती है। दीक्षा गुप्ता ने मेंहदी से तिरूपति बालाजी की 9 फुट ऊंची बनाई हुई है। पेंटिंग के साथ दीक्षा गुप्ता का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड और एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। दीक्षा के परिवार में इस खबर को सुनने के बाद खुशी की लहर व्याप्त है। एशिया बुक और इंडिया बुक और एशिया बुक ऑफ रिकार्ड में नाम दर्ज करके भारत में इतिहास रचने के बाद दीक्षा गुप्ता से यशभारत ने चर्चा की। चर्चा के दौरान दीक्षा ने पेंटिंग के सिलसिले में अपने अनुभव साझा किए। यशभारत के प्रबंधक निर्मल सिंह परिहार से चर्चा के दौरान कलाकार दीक्षा गुप्ता ने बताया कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता है। जूते बेचने वाला आज बाटा है और लोहा बेचने वाला आज टाटा है। इसी को ध्यान में रखते हुए मैंने बचपन से ही अपनी अंदर छिपी कला को जानने का प्रयास किया। इसी बीच मेरे भाई सचिन शर्मा ने मेरी पेंटिंग देख मुझे प्रोत्साहित किया। जिसके बाद मैंने पेंटिंग के क्षेत्र में रूचि और बढ़ाकर काम करने लगी।

**इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के इन सभी चैनलों में देखें प्रसारण**

| | |
|---|---|
| यूसीएन में | 81 |
| डिजियना में | 91 |
| हैथवे में | 598 |

youtube- yashbharat .co.in

### भगवान की पेंटिग बनाई तो मिलती थी प्रेरणा

मेंहदी से मैंने भगवान कृष्ण, गोपियां, मां दुर्गा, रामदरबार की पेंटिंग बनानी शुरू कर दी जिससे भगवान से मुझे प्रेरणा मिलती रही। नचिकेता कॉलेज में बीबीए करके दीक्षा ने अपनी प?ाई पूरी की और पढ़ाई के दौरान कॉलेज में टॉप भी किया। लॉकडाउन के समय पेंटिग में विशेष ध्यान दिया जिस कारण तिरूपति बालाजी की पेंटिंग मेंहदी से उसने 4 माह में कंप्लीट की और फिर भारत सरकार के एशिया और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में पेंटिंग का रजिस्ट्रेशन कराया। रजिस्ट्रेशन के बाद भारत सरकार ने दीक्षा गुप्ता की पेंटिंग को सिलेक्ट किया और फिर इसी पेंटिंग के कारण दीक्षा गुप्ता का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड और एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज किया गया।

यू-ट्यूब की खबरें देखने के लिए स्केन करें क्यूआर कोड

### अपने अंदर के कलाकार को पहचानो

वर्तमान परिवेश में लोगों को सोशल मीडिया से दूरी बनाकर रहना चाहिए। अक्सर देखा जाता है कि लोग गेम्स खेलकर या सोशल मीडिया में समय बर्बाद करके जीवन गुजार देते हैं। इन सभी को छोड़कर लोगों को अपने अंदर छिपे कलाकार को पहचानकर आगे बढ़ना चाहिए।



## सद्भावना क्रिकेट मैच में अधिकारी जीते

# दिव्यांग क्रिकेटरों ने दिखाया की हम किसी से कम नहीं है: महापौर

जबलपुर,यशभारत। मध्यप्रदेश दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में रानीताल क्रिकेट मैदान में आयोजित दिव्यांग प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन दिवस पर गुरुवार की सुबह जनप्रतिनिधि इलेवन और अधिकारी इलेवन के बीच सद्भावना क्रिकेट मैच खेला गया जिसमें अधिकारी इलेवन ने दो विकेट से जीत हांसिल की । जनप्रतिनिधि इलेवन का नेत्तृव महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू कर रहे थे जबकि अधिकारी इलेवन की बागडोर निगमायुक्त स्वप्निल बानखेड़े ने संभाली। उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। सदभावना मैच में नगर निगम अध्यक्ष रिंकू बिज, नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल, स्मार्ट सिटी के सीईओ ने भी अपने जौहर दिखाए। महापौर जगतबहादूर सिंह अन्नू ने बताया कि दिव्यांग क्रिकेट में राष्ट्रीय व अंतर राष्ट्रीय खिलाड़ी अपना जौहर दिखा रहे है। जिन्होंने जबर्दस्त बैटिंग एवं बोलिंग में दमखम दिखाया।उन्होंने कहा कि कहीं से भी एहसास नहीं होगा कि ये दिव्यांग शारीरिक रूप से कमजोर है। महापौर ने कहा कि हम लोगों ने सदभावना क्रिकेट खेला जो खेलों जागरूकता लाने के लिए सार्थक पहल है। दिव्यांग क्रिकेट का फाइनल मुकाबला रीवा और भोपाल के बीच खेला जा रहा है। टूर्नामेंट की कोआर्डिनेटर श्रीमती श्रीमती प्रतिष्ठा द्विवेदी ने बताया कि सेमीफाइनल मैचों में रीवा ने ग्वालियर को 65 रन से तथा भोपाल ने इंदौर को 5 विकेट से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। पहले सेमीफाइनल मैच में रीवा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 156 रन बनाए । मिथिलेश ने 58 व अजय ने 18 रन का योगदान दिया। ग्वालियर की ओर से अनुपम परिहार ने दो विकेट लिए। जवाब में ग्वालियर की टीम 91 रन ही बना पायी। विक्की राठौड़ ने 41 और रवि ने 12 रन का योगदान दिया। रीवा के मिथिलेश को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दूसरे मैच में इंदौर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 134 रन बनाए । बृजेश द्विवेदी ने 30, शैलेष आर्य ने 31 व लोकेन्द्र आर्य ने 46 रन का योगदान दिया। भोपाल की ओर से आमिर खान, बृजमोहन और अजय ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में भोपाल ने 5 विकेट खोकर जीत के लिए आवश्यक रन बना लिए। निखिल ने 43 और वेदांत गुप्ता ने 41 रन का योगदान दिया। निखिल मेवाड़ा को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## पद्मभूषण जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी महाराज का आगमन आज

**जबलपुर यशभारत।** भारतीयता में निहित सामाजिक समरसता के परिपेक्ष में आगामी आज एक विराट सामाजिक क्रांति का सूत्रपात जबलपुर में होने जा रहा है। समरसता का सेवा संगठन की कार्य योजना का शुभारंभ पद्मभूषण से अलंकृत तुलसी पीठाधीश्वर परम पूज्य श्रीमद जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी श्री रामभद्राचार्य जी महाराज के कर कमलों से होने जा रहा है, जिसकी तैयारी में जबलपुर जुटा हुआ है। आगामी आज एक दिवसीय कार्यक्रम में रामभद्राचार्य महाराज शामिल होने आ रहे हैं । इस संबंध में समरसता संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने बताया कि पदम विभूषण तुलसी पीठाधीश्वर रामभद्राचार्य जी महाराज गुरुवार आज दोपहर शहीद स्मारक प्रांगण गोल बाजार में श्रीराम का समरस एवं समर्थ भारत विषय पर आशीर्वचन देंगे ।

## छिंदवाड़ा एसपी निलंबन मामला : फरार वारंटी कोर्ट में पेश

# कोर्ट ने सस्पेंशन का आदेश भी लिया वापस

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर हाईकोर्ट ने छिंदवाड़ा एसपी विनायक वर्मा को सस्पेंड करने के निर्देश दिए तो पुलिस 10 घंटे में फरार वारंटी को पकड़कर ले आई। उसे कोर्ट में पेश भी कर दिया। इसके बाद कोर्ट ने एसपी वर्मा को सस्पेंड करने वाला आदेश वापस ले लिया है। इसे मध्य प्रदेश पुलिस के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। दरअसल पांच साल पुराने एक मामले में हाईकोर्ट ने एनएचएआई के प्राजेक्ट डायरेक्टर डी अनिल कुमार को पेश करने के निर्देश छिंदवाड़ा पुलिस को दिए थे। छिंदवाड़ा पुलिस ने इस मामले में वारंटी को पेश करने के बजाए जवाब भेज दिया कि उक्त अधिकारी को तबादला हो चुका है। इस जवाब से हाईकोर्ट नाराज हो गया। मामले की सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस रवि मलिमथ और जस्टिस विशाल मिश्रा ने छिंदवाड़ा एसपी को सस्पेंड करने के निर्देश दे डाले। साथ ही डीजीपी को वारंट तामिल कराने के निर्देश दिए। इस आदेश के बाद जबलपुर से लेकर भोपाल तक हड़कंप मच गया। पुलिस ने इस निर्देश आने के बाद तत्परता दिखाते हुए अनिल कुमार की खोजबीन शुरू की तो पता चला वे आंध्रपदेश में हैं। इसके बाद उन्हें शुक्रवार सुबह जबलपुर बुलाकर कोर्ट के सामने पेश कर दिया गया।

# जबलपुर का दुर्भाग्य, अब वंदे भारत ट्रेन रीवा से भोपाल दौड़ने की संभावना...?

जबलपुर यशभारत। जबलपुर शहर के लिए यह दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि वंदे भारत ट्रेन को यहां सौगात नहीं मिली और चंद दिन पूर्व प्रदेश की राजधानी भोपाल के रानी कमलावती रेलवे स्टेशन से दिल्ली रवाना हो गई । बता दें कि पूर्व में वंदे भारत ट्रेन को जबलपुर से इंदौर चलने की खबर चर्चाओं में रही ऐसा ही नहीं रेलवे के आला अधिकारियों द्वारा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाएं भी देखी गई थी की इस बृहद कार्यक्रम को किस जगह पर आयोजित किया जाए तमाम व्यवस्थाओं पर नजर रखी जाने लगी थी क्योंकि जबलपुर से वंदे भारत ट्रेन इंदौर के लिए रवाना होने की खबर सुर्खियों में रही उसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित अन्य मंत्री एवं जनप्रतिनिधि भी पहुंचने की संभावना व्यक्त की जा रही थी इसी बीच उक्त कार्यक्रम मैं फेरबदल होते हुए वंदे भारत ट्रेन को रानी कमलापति स्टेशन से हरी झंडी मिलते ही दिल्ली के लिए रवाना हो गई और यहां पर तमाम व्यवस्थाएं धरी रह गई और फिर संस्कारधानी जबलपुर के जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण दिल के अरमा आंसुओं में बह गए।



**इसी माह प्रधानमंत्री दिखा सकते हैं हरी झंडी, चलना थी जबलपुर से इंदौर दौड़ गई रानी कमलापति से दिल्ली**

### वंदे भारत ट्रेन रीवा से भोपाल चलने की प्रबल संभावना

वही इस संबंध में रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इसी माह के अंत तक रीवा में एक बहुत बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न होने की खबर है इसी तारतम्य में इसी दिन पश्चिम मध्य रेल के रीवा स्टेशन से भोपाल के लिए वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई जाने की प्रबल संभावना व्यक्त की जा रही है रेलवे सूत्रों की माने तो वंदे भारत ट्रेन का यदि रीवा से संचालन होता है तो उसका रूट कटनी दमोह सागर होते हुए भोपाल पहुंचेगी जो संस्कारधानी के जनप्रतिनिधियों के लिए बहुत ही शर्मसार बात होगी और एक बार फिर जबलपुर के लिए छलावा ही होगा सूत्रों की माने तो संस्कारधानी के जनप्रतिनिधियों द्वारा कोई ऐसी दमखम से खास पहल नहीं की गई जिसका परिणाम में यह संभावना व्यक्त की जा रही है कि वंदे भारत ट्रेन अब जबलपुर की जगह रीवा से भोपाल के लिए दौड़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

### अनेक सुविधाओं से युक्त है वंदे भारत ट्रेन

उल्लेखनीय है कि कुछ सालों में वंदे भारत ट्रेन को लेकर देशभर में नया जाल बिछने वाला है. यह सुविधासंपन्न हाई-स्पीड ट्रेन है जो 1 घंटे में 160 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ेगी जानकारों के अनुसार ट्रेन में जीपीएस, सीसीटीवी कैमरे, स्लाइडिंग दरवाजे और बायो टॉयलेट जैसी अन्य विशेषताएं मौजूद होती हैं।

## मनी लॉन्ड्रिंग और विदेशी चंदा में हुई गिरफ्तारी

# बर्खास्त बिशप पीसी सिंह को ईडी ने किया अरेस्ट

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर में चर्च लैंड स्कैम में ईडी ने बड़ा एक्शन लिया है। जिसके चलते भोपाल से आई ईडी की टीम ने देर रात बर्खास्त बिशप पीसी सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके चलते बिशप का मुलाहजा करवाया जा रहा है। बर्खास्त बिशप की गिरफ्तारी मनी लॉन्ड्रिंग और विदेशी चंदा मामले में हुई है।



इसके पहले टीम ने पीसी सिंह के कार्यकाल के दौरान जमीनों की खरीद फ रोख्त और विदेशी फ डिंग की जानकारी भी जुटाई है। बताया जा रहा है कि पीसी सिंह को विदेशों से फंडिंग की जाती थी, टीम अब इससे जुड़े दस्तावेजों की बारीकी से पड़ताल कर रही है। इतना ही नपहीं इसके पहले टीम को यह भी पता चला था कि पीसी सिंह जब भी विदेश जाते थे तो वहां पर विदेशी फंड जमा करते थे। टीम यह भी पता लगा रहीं है कि पीसी सिंह कौन-कौन से देश और किस कारण से गए थे। बताया जा रहा है कि टीम को अभी तक हुई पड़ताल में कई अहम सुराग हाथ लगे है। जिसके बाद ही यह गिरफ्तारी की गई है।


































स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )